हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार, 15 दिसंबर 2025



# नामांतरण के बाद डायवर्सन भी होगा ऑटोमैटिक, पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

प्रदेश सरकार ने नामांतरण के बाद अब डायवर्सन की प्रक्रिया में भी बड़ा बदलाव कर दिया है। नामांतरण की तरह ही अब डायवर्सन की भी पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन कर दी गई है। अब भूमि डायवर्सन की प्रक्रिया पंद्रह दिनों के भीतर नहीं कराने पर स्वतः 16वें दिन डायवर्सन हो जाएगा। सरकार इस कदम से लंबित मामलों में कमी और राजस्व महकमे में बड़े सुधार का दावा कर रही है।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने भूमि डायवर्सन प्रक्रिया को ऑनलाइन करने का बड़ा कदम उठाया है। अब प्रदेश में किसानों और भूमि स्वामियों को एसडीएम कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। भूमि स्वामी सरकारी पोर्टल पर आवेदन करके घर बैठे ही अपने जमीनों का डायवर्सन करा सकेंगे। राजस्व विभाग ने इस नई व्यवस्था की अधिसूचना शनिवार को राजपत्र में प्रकाशित कर दी है। प्रदेश सरकार का दावा है कि इससे डायवर्सन प्रक्रिया तेज, आसान और पारदर्शी होगी, लंबित मामलों में कमी आएगी और अघोषित लेन-देन पर नियंत्रण भी सुनिश्चित होगा। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में भूमि स्वामियों के लिए यह एक बड़ा राहत कदम माना जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले प्रदेश सरकार ने नामांतरण के मामले में भी राहत देने के लिए ऑनलाइन कर दिया था। अब सीधे रजिस्ट्री के साथ ही नामांतरण की प्रक्रिया हो जाती है।

## दफ्तरों के चक्कर से मिलेगी मुक्ति, अब पंद्रह दिनों के भीतर ही हो जाएगा भूमि का डायवर्सन

### 15 दिनों में आदेश अनिवार्य

नए नियमों के तहत नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत और ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि डायवर्सन के लिए सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुज्ञा की आवश्यकता नहीं होगी। आवेदन संबंधित जिले के एसडीएम तक ऑनलाइन पहुंचेगा और एसडीएम को 15 दिनों के भीतर आदेश जारी करना अनिवार्य होगा। यदि तय समय में आदेश नहीं दिया गया, तो 16वें दिन ऑटोमेटिक सिस्टम से आदेश स्वतः मान्य हो जाएगा।



### इलाके के अनुसार दरें भी तय

राज्य सरकार ने इस बदलाव के लिए छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता-व्यपवर्तित भूमि के लिए भू-राजस्व निर्धारण एवं पुनर्निर्धारण नियम 2025 का मसौदा जारी किया है। दावा-आपत्ति के लिए 15 दिनों का समय दिया गया है। सभी आपत्तियों के निपटारे के बाद नियमों को औपचारिक रूप से लागू किया जाएगा। सरकार ने नई प्रणाली में डायवर्सन के लिए प्रीमियम दरें भी तय कर दी है, जो 3 रुपए प्रति वर्गमीटर से 25 रुपए प्रति वर्गमीटर तक होगी। ये दरें अलग-अलग क्षेत्रों और उपयोग के आधार पर तय की गई है। जिनमें नगर निगम, पालिका, नगर पंचायत, ग्रामीण क्षेत्र, आवासीय, कॉलोनी विकास, वाणिज्यिक और औद्योगिक प्रयोजन, संस्थागत एवं स्वास्थ्य सुविधाएं, विशेष आर्थिक क्षेत्र शामिल है।

---

### राजनीतिक संरक्षण के लग रहे आरोप, दूसरे जिलों में हो रहा एक्शन

# खरीदी केंद्रों में मिला लाखों का अवैध धान, फिर भी जिम्मेदारों पर एक्शन नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धान की सरकारी खरीदी शुरू होने के साथ ही जिला प्रशासन द्वारा पिछले एक माह में कोचियों के खिलाफ की गई ताबड़तोड़ कार्रवाई से जहां खलबली मची है। वहीं करीब आठ करोड़ रुपए का अवैध धान जब्त भी हुआ है। कोचियों द्वारा जिले के खरीदी केंद्रों में ही लाखों रूपए का अवैध धान डंप किए जाने के मामले का पर्दाफाश होने के बाद भी जिला प्रशासन द्वारा जिम्मेदारों पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। ऐसी चर्चा है कि सोसाइटियों के प्रबंधक एवं प्राधिकृत अधिकारियों की संलिप्तता भी इन मामलों में सामने आ चुकी है, परन्तु राजनैतिक संरक्षण प्राप्त होने के चलते उन पर कार्रवाई करने से प्रशासन के हाथ कंपकंपा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश शासन के निर्देश बाद सीमावर्ती जिलों में धान कोचियों के खिलाफ प्रशासन ने एक्शन मोड में अभियान शुरू कर दिया है। इस अभियान के तहत जिले में भी पौने दो सौ से अधिक प्रकरण में कार्रवाई की गई है। जिसमें पड़ोसी राज्य से लाकर धान खपाने के साथ ही खेत में फसल होने के बावजूद धान बेचते हुए मामले में कार्रवाई शामिल है। इसके अलावा समितियों के भौतिक सत्यापन में भी गड़बड़ी सामने आ चुकी है, परन्तु इन सभी मामलों में प्रशासन धान जब्त करने की कार्रवाई तो कर रहा है, परन्तु कोई ठोक एक्शन नहीं हो रहा है। कोचियों पर की जा रही कार्रवाई से किसान अच्छे खासे खुश भी हैं। यही कारण है कि वे लगातार रकबा का समर्पण भी कर रहे हैं, लेकिन रसूखदार जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई नहीं होने से वे नाराज भी हो रहे हैं।



### बड़े कोचियों पर भी कार्रवाई नहीं

पड़ोसी राज्यों से अवैध धान की तस्करी करने के मामले में राज्य शासन ने दोषियों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के निर्देश भी जारी किए हैं। जिले में सिर्फ दो कोचियों को ही जेल भेजा गया है। वहीं महासमुंद सहित कई जिलों में सोसाइटियों के प्राधिकृत अधिकारियों को भी हटा दिया गया है, लेकिन जिले में आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इधर बिलासपुर, रायगढ़ जिलों में कोचियों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है, लेकिन राजनांदगांव जिले में प्रशासन ने धान जब्ती की ही कार्रवाई कर क्लीनचिट दे दिया है।

### प्राधिकृत अधिकारी को नहीं हटाया

ज्ञात हो कि पिछले दिनों घुमका समिति के प्राधिकृत अधिकारी नोहेंद्र वर्मा के ठिकाने से धान की जब्ती की जा चुकी है। इस मामले को बीते पखवाड़ेभर का समय बीत चुका है। इसके बाद कांग्रेस विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने भी उक्त प्राधिकृत अधिकारी को हटाने की मांग की थी, लेकिन इसके बावजूद अब तक प्राधिकृत अधिकारी नोहेन्द्र वर्मा को हटाया नहीं जा सका है। ज्ञात हो नोहेंद्र वर्मा के खिलाफ इसके अलावा भी शिकायतें सामने आती रही है। लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं हो पाई।

### आधा दर्जन समितियों में मिला अतिरिक्त धान

जिले के आधा दर्जन धान खरीदी केंद्रों में भौतिक सत्यापन के दौरान गड़बड़ी सामने आ चुकी है। इनमें समितियों में धान अधिक मिलने के साथ ही बारदाना कम पाया गया था। इनमें मुड़पार, घुमका, तुमड़ीबोड़, कल्लूबंजारी और पटेवा जैसी समितियां शामिल है। इन सभी समितियों में अब तक जिम्मेदारों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। सूत्रों ने बताया कि हाल ही में जिस कोचिये पर कार्रवाई की गई है, वह मेढ़ा सोसाइटी के प्रबंधक का रिश्तेदार है।

---

# जिस प्रबंधक को सहकारिता ने दोषी बताया, उसे बैंक ने चेतावनी दे छोड़ा

## मुरमुंदा समिति का मामला, बैंक सीईओ पर उठ रहे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव/घुमका

करीबन दो महीने पहले जिले के घुमका ब्लॉक अंतर्गत मुरमुंदा समिति में फर्जी तरीके से खाद्य आहरण का मामला सामने आया था। किसान की शिकायत के बाद प्रशासन ने जांच के आदेश जारी किए थे। मामले में दो विभागों ने अपनी-अपनी जांच की थी। सहकारिता विभाग ने इस मामले में जिस समिति प्रबंधक को दोषी बताया था और आगे की कार्रवाई के लिए जिला सहकारी बैंक को पत्र भी लिखा था।

उसे बैंक के सीईओ ने बचाते हुए केवल चेतावनी देकर छोड़ दिया। इतना ही नहीं समिति में कार्यरत नीचे पद के कर्मचारियों को दोषी बताकर उनसे वसूली के आदेश भी जारी कर दिए। वसूली के बाद बिना किसान को सूचित किए गुपचुप तरीके से उसके खाते में रकम भी जमा करा दी गई। ऐसे में इस पूरे मामले में जिला सहकारी बैंक के सीईओ की भूमिका संदिग्ध हो गई है। जिसकी शिकायत भी जल्द ही जिला कलेक्टर से किए जाने की तैयारी कर ली गई है। उल्लेखनीय है कि मुरमुंदा सोसाइटी अंतर्गत किसान भूषण नवरंगे ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके खाते से फर्जी तरीके से खाद का आहरण कर लिया गया है। जिसकी लिखित शिकायत तत्कालीन कलेक्टर से किए जाने के बाद जांच के आदेश भी जारी हुए थे। जांच करने के लिए सहकारिता विभाग एवं जिला सहकारी ग्रामीण बैंक ने अपनी-अपनी टीम भी बनाई थी। दोनों ही टीम की जांच रिपोर्ट सामने आ गई है, लेकिन दोनों में बड़ा अंतर देखने को मिल रहा है।




### बैंक ने दूसरे को बताया दोषी

सहकारिता विभाग द्वारा कड़ी कार्रवाई के पत्र लिखने के बावजूद जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के सीईओ ने समिति प्रबंधक अदित्य तिवारी को भविष्य में ऐसी गलती नहीं करने की चेतावनी देकर छोड़ दिया। वहीं सहकारिता की जांच में जो लोग दोषी भी नहीं पाए गए, भृत्य रवि बंजारे एवं चौकीदार किशोर उमरे को दोषी बताकर उनको किसान के खाते में रकम जमा करने का आदेश जारी कर दिया। वहीं गुपचुप तरीके से इन दोनों के खाते से 16500 रुपए की राशि भी किसान के खाते में जमा कर दी गई है।

### ऐसे की थी गड़बड़ी

किसान भूषण नवरंगे ने बताया कि उनके खाते में बिना उनको सूचित किए ही खाद चढ़ा दिया गया था। जब उन्होंने इस बात की शिकायत की तो मामला सामने आया कि मुरमुंदा समिति द्वारा बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार ऐसे किया जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार समिति में रबी सीजन के खाद का वितरण शुरू होने से पहले ही कई किसानों के खाते में खाद वितरण की जानकारी चढ़ा दी गई थी।

### सहकारिता ने माना दोषी

कार्यालय उप आयुक्त सहकारिता राजनांदगांव द्वारा 12 नवंबर को सीईओ जिला सहकारी केंद्रीय बैंक को एक पत्र लिखा गया। इस पत्र में कहा गया कि प्रार्थी भूषण नवरंगे को बिना सूचित किए साढ़े 16 हजार रुपए का खाद खाते में चढ़ा दिया गया। इस मामले की जांच में समिति प्रबंधक अदित्य तिवारी एवं संतोष चतुर्वेदी व भारत यादव संयुक्त रूप से जिम्मेदार हैं। ऐसे में राशि की वसूली कर किसान को वापस करने के साथ ही दोषी कर्मचारियों के खिलाफ सेवानियम 2018 के अनुसार सेवा से बर्खास्त की कार्रवाई की जाए, लेकिन जिला सहकारी बैंक ने ऐसा नहीं किया।

---

### सांसद खेल महोत्सव के तहत आयोजन

# अखिल भारतीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

देशभर में आयोजित हो रहे सांसद खेल महोत्सव के तहत राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के अलग-अलग जगह पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। वहीं अब लोकसभा स्तरीय आयोजन के तहत जिले के डोंगरगांव में अखिल भारतीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें देशभर की 8 टीम शामिल होगी। इस प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर सांसद संतोष पांडे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते बताया कि आगामी 17 से 24 दिसंबर तक इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के पंडरिया में कबड्डी, कवर्धा में खो-खो, खैरागढ़ में क्रिकेट, राजनांदगांव में हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हो चुका है। वहीं मोहला-मानपुर में अन्य खेल और लोकसभा स्तर पर डोंगरगांव में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन होगा।

### अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी होंगे शामिल

प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि डोंगरगांव में आयोजित अखिल भारतीय फुटबॉल स्पर्धा में जम्मू कश्मीर, झारखंड, जबलपुर, हैदराबाद, अकोला, कोंडागांव और मध्यप्रदेश से नीमच सिटी क्लब आएगी। प्रतियोगिता में देशभर के कई ख्याति प्राप्त अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी भी शामिल होंगे।

### प्रधानमंत्री करेंगे वर्चुअल समापन

लोकसभा स्तर पर आयोजित इस प्रतियोगिता का शुभारंभ विधानसभा अध्यक्ष के मुख्य आतिथ्य में 17 दिसंबर को होगा। वहीं समापन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महोत्सव का वर्चुअल समापन करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री अरूण साव, विजय शर्मा, पवन साय, गजेंद्र यादव सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि शामिल होंगे।

### खिलाड़ियों का होगा सम्मान

फुटबॉल प्रतियोगिता के आयोजन अवसर पर प्रदेश के खिलाड़ियों का सम्मान भी होगा। वहीं सोशल मीडिया रील कंपटीशन का आयोजन भी किया जाएगा। जिसमें 11 हजार 11 सौ 11 रुपए का पुरस्कार भी दिया जाएगा। प्रेस कान्फ्रेंस के अवसर पर सांसद संतोष पांडे, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, मीडिया प्रभारी अमर लालवानी, अंजू त्रिपाठी, सागर वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

---

# घर से नकदी सहित आभूषण चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

घर में प्रवेश कर अज्ञात चोरों ने अलमारी में रखे नगदी रकम एवं आभूषण की चोरी कर ली। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मुक्तागिरी कालोनी के एक मकान में अज्ञात चोर प्रवेश कर आलमारी में रखे नगदी रकम 50,000 रुपए तथा दो जोड़ी चांदी की पायल व बिछिया, एक जोड़ी सोने का टॉप्स की चोरी कर ली। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

---

# 9 डिग्री पर पहुंचा रात का तापमान, अब मिलेगी राहत!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेशभर में पिछले एक सप्ताह से जारी ठंड के कहर से राहत मिलने की संभावना मौसम विभाग ने जताई है। मौसम विभाग के अनुसार अगले चार दिनों में तापमान दो से तीन डिग्री तक चढ़ सकता है। ज्ञात हो कि जिले का न्यूनतम तापमान अभी 9 डिग्री पर पहुंच गया है। जिसके चलते अंचल में शीतलहर के भी हालात निर्मित है



दरअसल पिछले कुछ दिनों में ठंड बढ़ी है। 7 शहरों में तापमान दस डिग्री से नीचे पहुंच गया है। जिनमें मैनपाट, अंबिकापुर, पेंड्रा और जगदलपुर, बिलासपुर, दुर्ग और राजनांदगांव शामिल है। हालांकि अब अगले 3 दिनों में न्यूनतम तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हो सकती है। वहीं प्रदेश में शीत लहरकी स्थिति कमजोर पड़ने की संभावना जताई गई है। हालांकि प्रदेश के उत्तर और मध्य क्षेत्र में कड़ाके की ठंड जारी है।




## खबर संक्षेप

### शनि शांति महायज्ञ आयोजित



**डोंगरगांव।** ग्राम रूदगांव में डॉ हरेश सोनकर ने हनुमान मंदिर प्रांगण में एक कुंडीय शनि शांति महायज्ञ एवं महा आरती का आयोजन किया। महायज्ञ अखिल विश्व गायत्री परिवार के जिला समन्वयक जयप्रकाश सिन्हा ने संपन्न कराया। उन्होंने गायत्री परिवार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न रचनात्मक एवं सुधारात्मक कार्यक्रमों से श्रद्धालुओं को अवगत कराया। नियमित स्वाध्याय करने एवं नशा से दूर रहने प्रेरित किया। आरती के पश्चात खिचड़ी प्रसाद वितरण किया गया। अंत में डॉ हरेश सोनकर ने आभार व्यक्त किया।

### आचार्यों को आवर्ती प्रशिक्षण



**अर्जुनी।** अर्जुनी संकुल का चतुर्थ आवर्ती प्रशिक्षण आमगांव विद्यालय में शनिवार को संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में सात विद्यालय के 51 आचार्य एवं दीदी सम्मिलित हुए। उद्घाटन जिला समन्वयक पूनमचंद साहू, प्रधानाचार्यो एवं संकुल प्रमुख डामनदास जोशी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। जिला समन्वयक ने शिक्षण गुणवत्ता, परीक्षा संबंधी एवं सप्त शक्ति संगम पर विस्तार से चर्चा किया। इस दौरान मोक्ष दायिनी सांकर दहरा का भ्रमण किया गया। भौगोलिक शिक्षण में प्रथम आने वाले ग्रुप को सम्मानित किया गया।

### मुक्तिधाम के सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव

**अंबागढ़ चौकी।** नगर पंचायत ने नगर के सभी मुक्तिधाम में मूलभूत सुविधा तथा सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव शासन को भेजा है। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने बताया कि वार्ड एक मेरेगांव, वार्ड 7 कान्हे, शिवनाथ मुक्तिधाम एवं कब्रिस्तान में आहाता, पेयजल सहित अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं के विकास का प्रस्ताव भेजा गया है। इसके अलावा ईसाई एवं मुस्लिम समुदाय के कब्रिस्तान के उन्नयन का प्रस्ताव भेजा गया है।

### स्कूल के सामने बिक रहा गांजा, गुटखा

**मुरमुंदा।** ग्राम में संचालित स्कूल के सामने प्रतिबंध होने के बाद भी गांजा और पाउच गुटखा बेचा जा रहा है। यहां एक दुकान बच्चों के भविष्य की अनदेखी कर यह गोरखधंधा कर रहा है जिस पर गांव के जिम्मेदार चुप्पी साधे हुए है। स्कूल के सामने पाउच गुटखा बिकने से बच्चे भी उसका सेवन करने लगे हैं। बच्चों में गुटखा खाने की लत बढ़ने की आशंका को देखते हुए इस पर अंकुश लगाना आवश्यक है। जानकारी के अनुसार यहां गांजा भी बेचा जाता है जिसके सेवन बाद नशेड़ी गाली गलौच करते रहते हैं। यहां शाम के बाद शराबियों का जमावड़ा लग जाता है। मेढा शराब दुकान से शराब लेकर लोग यहां पहुंचते है और चखना सेंटर में बैठकर शराब पीते हैं।

### जर्जर भवन में पढ़ने मजबूर बच्चे

**मुरमुंदा।** ग्राम का प्राथमिक शाला भवन जर्जर हो गया है। शाला के बच्चे जिस हाल में बैठकर खाना खाते है वहां की छत की छड़ बाहर दिखने लगी है। छत के कभी भी गिरने की आशंका है। छत में जहां तहां दरार आ गई है। इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो बड़ी दुर्घटना हो सकती है। ग्रामीणों ने भवन की मरम्मत कराने की मांग की है।

### हिना बनी सब इंजीनियर



**बांधाबाजार।** प्रधानपाठक गंगाप्रसाद धुर्वे एवं जिला पंचायत सभापति शेशवरी धुर्वे की पुत्री हिना धुर्वे का चयन सब इंजीनियर के पद पर लोक निर्माण विभाग में हुआ है। उनकी पदस्थापना केसीजी जिला में हुई है। उन्होंने अपनी शिक्षा शिवा पब्लिक स्कूल भिलाई एवं शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज रायपुर में पूरी की। उसकी सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए ग्रामीणों ने बधाई दी है।

### डॉ. महंत के दीर्घायु होने की कामना



**डोंगरगढ़।** नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत के जन्मदिन के अवसर पर मां बम्लेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने डॉ. महंत के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर शिशुपाल भारती, रामजी तराने, जितेंद्रसिंह भाटिया, मतीन खान, दुलीचंद, भाऊदास मेश्राम, चंदन वैष्णव सहित अन्य उपस्थित थे।

### दिग्विजय सिंह से सौजन्य मुलाकात



**डोंगरगढ़।** कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने दिल्ली प्रवास के दौरान शनिवार को राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर संगठनात्मक एवं समसामयिक विषयों पर चर्चा की। भेंट के दौरान शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार, जिला ग्रामीण अध्यक्ष विपिन यादव, नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले तथा भगवती वर्मा उपस्थित थे।

### भागवत कथा का वाचन 21 तक



**मुरमुंदा।** ग्राम मुड़पार में श्रीमद आदर्श प्रगति मंडल, श्री गणेश उत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया है। कथावाचक मुकुंद महाराज कथा का वाचन कर रहे है। भागवत कथा सुनने बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीण पहुंच रहे हैं। यह कार्यक्रम आगामी 21 दिसंबर तक चलेगा।

---

### समस्या: उखड़ी सड़कों का नहीं हो रहा जीर्णोद्धार

# सड़कों का बुरा हाल, लोगों का पैदल चलना हुआ मुहाल

## अंचल में आए दिए हो रही दुर्घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

नगर और ग्रामीण अंचल की सड़कों की हालत बेहद दयनीय हो गई है। लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना और नगर पंचायत द्वारा निर्मित सड़कों की हालत ख़राब होने से वाहन चलाना जोखिम भरा हो गया है। सड़कों पर दुर्घटना होने का खतरा लगातार बना रहता है।

सड़कों की ख़राब स्थिति के कारण यात्रियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। सफर के दौरान अचानक सामने आने वाले गहरे गड्ढे खतरा बन रहे हैं, वहीं दूसरी ओर टूटी सड़कों से उड़ने वाला धूल का गुबार आँखों और स्वास्थ्य के लिए गंभीर समस्या पैदा कर रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि गाड़ियों में खराबी आना और दुर्घटनाएं होना आम बात हो गई है।



#### वैकल्पिक व्यवस्था की मांग

नागरिकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से सभी क्षतिग्रस्त मार्गों की प्राथमिकता से मरम्मत कराने की अपील की है। नागरिकों का कहना है कि जब तक सड़कों का मरम्मत कार्य शुरू नहीं होता, तब तक नागरिकों की सुरक्षा के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। छोटे गड्ढों में डस्ट या मुरूम डलवा दिया जाए, ताकि सड़कें चलने लायक हो सकें।

#### इन मार्गों की हालत ज्यादा खस्ता

गंडई से पंडरिया पहुंच मार्ग में बीचों-बीच छोटे बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिनकी मरम्मत कराना आवश्यक है। गंडई छीराहीडीह मार्ग भी कई जगहों पर जर्जर हो गई है। गंडई से बाईपास ठंडार पहुँच मार्ग लगभग बर्बाद हो चुकी है। आवागमन के लिए यह सड़क काफी खतरनाक हो गई है। गंडई से छुईखदान मार्ग पर सिंचाई विभाग गंडई के सामने का हिस्सा जर्जर हो गया है। पंडरिया- मगरकुंड मार्ग भी पंडरिया से बिरखा तक खराब हो गई है। इसी प्रकार नगर पंचायत के अधीन आने वाले कुछ आंतरिक मार्ग भी अब खराब होने लगे हैं।

---

## कॉन्फ्लूएंस कॉलेज में विश्व मानवाधिकार दिवस आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कॉन्फ्लूएंस कॉलेज राजनांदगांव की एनएसएस इकाई द्वारा विश्व मानवाधिकार दिवस पर महाविद्यालय परिसर में एक जागरूकता कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना, समाज में समानता, सम्मान और न्याय की भावना विकसित करना तथा युवाओं को अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जिम्मेदार बनाना रहा।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने मानवाधिकार विषय पर भाषण प्रस्तुत किए। जिनमें मानव गरिमा, समान अवसर, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों को संरक्षण देने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने मानवाधिकारों से संबंधित महत्वपूर्ण संदेशों और रचनात्मक अभिव्यक्तियों को आकर्षक रूप से पोस्टर के माध्यम से प्रदर्शित किया।

कार्यक्रम के दौरान एनएसएस प्रभारी प्रो. विजय मानिकपुरी ने कहा कि "मानवाधिकार केवल अधिकारों की बात नहीं करता, बल्कि मानवता, संवेदना और जिम्मेदारी की भावना को जीने की प्रेरणा देता है।" उन्होंने युवाओं को सामाजिक न्याय की स्थापना में सक्रिय भूमिका निभाने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन के वाहक बनने का आह्वान किया।

#### सबका करें सम्मान

प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने कहा कि "मानवाधिकारों का संरक्षण तभी संभव है, जब प्रत्येक व्यक्ति दूसरों के अधिकारों का सम्मान करे। शिक्षा ही इसके लिए सबसे प्रभावी माध्यम है।" ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में संवेदनशीलता और जागरूकता विकसित होती है। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा किया गया तथा विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी निभाते कार्यक्रम को सफल बनाया।

---

## जिला युकां में नियुक्तियां, अधिकांश को मिली सक्रियता के आधार पर पदोन्नति

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़





जिला युवा कांग्रेस में संगठनात्मक मजबूती के लिए नई नियुक्तियों की घोषणा की गई है। इसमे अधिकांश पदाधिकारी पूर्व में भी युवा कांग्रेस के पदाधिकारी रह चुके हैं जिन्हे पूर्व कार्यकाल में उनकी सक्रियता, निष्ठा और संगठनात्मक योगदान को देखते हुए पुनः दायित्व देकर पदोन्नत किया गया है। छग युकां प्रदेश प्रभारी अमित पठानिया, सह प्रभारी डॉ. मोनिका मंडरे, प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा तथा जिला प्रभारी अपराजित तिवारी की अनुशंसा पर की जिला युंका अध्यक्ष गुलशन तिवारी ने नियुक्ति दी है। इसमें गौकरण जंघेल को दुबारा छुईखदान का ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया है जबकि खैरागढ़ ब्लॉक अध्यक्ष गौकरण वर्मा, गंडई शहर अध्यक्ष अमन सोनी, गंडई ब्लाक अध्यक्ष कन्हैया कुर्रे और साल्हेवारा ब्लाक अध्यक्ष के रूप मे लक्ष्मण विश्वकर्मा को जिम्मेदारी सौंपी गई है इसी प्रकार जिला संगठन मे जिला उपाध्यक्ष चतुर ओगरे, जिला महासचिव अशरफ सिद्दीकी, मनीष साहू, संतू वर्मा सोमलाल वर्मा, और जयंत मनिकपुरी को बनाया गया है वही जिला सचिव के रूप मे अगराहित साहू, दशरथ जंघेल, किशन जंघेल, मुकुत साहू, अनिल विश्वकर्मा, संदीप जंघेल, शाह मेमन, सौरभ साहू, जिला महामंत्री संगठन व प्रशासन का पद संजय जंघेल को दिया गया है।

#### निभाएंगे महत्वपूर्ण भूमिका

युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष गुलशन तिवारी ने कहा कि नवीन नियुक्तियाँ और पुर्ननियुक्तियां सक्रिय, मेहनती और संगठन के प्रति निष्ठावान कार्यकर्ताओं को सम्मान देने का परिणाम हैं। पूर्व पदाधिकारियों की निरंतर सक्रियता के आधार पर उन्हें उच्च दायित्व सौंपकर पदोन्नति दी गई है। उन्होने विश्वास जताया कि सभी पदाधिकारी कांग्रेस की विचारधारा को जन जन तक पहुँचाने और संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

---

## फसल बीमा में फर्जीवाड़ा, दो गिरफ्तार

### खेत में लगा गन्ना, बीमा कराया चना का

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

खेत में केले की फसल लगी होने के बाद चना बोने का झूठा विवरण प्रस्तुत कर फर्जी फसल बीमा कराकर बीमा राशि अंतरित कराने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में अमित वर्मा पिता संतोष वर्मा निवासी मासूल थाना घुमका और परमेश्वर साहू पिता प्रकाश साहू निवासी खूंटा छुरिया शामिल है।

जानकारी के अनुसार पूर्व विधायक छन्नी साहू ने गत 8 सितंबर को शिकायत में बताया था कि ग्राम आमगांव स्थित रैलिस बायो एनर्जी प्रा. लिमिटेड के पार्टनर जय बग्गा, वैभव गोलछा एवं सुदर्शन वर्मा के नाम दर्ज 34 खसरा, लगभग 50 हेक्टेयर से अधिक भूमि पर एक वर्ष से अधिक समय से केले की फसल लगी थी। उक्त भूमि पर वर्ष 2024-25 में चना फसल दर्शाकर फसल बीमा कराया गया तथा बिना फसल कटाई एवं पंचनामा के कृषि विभाग के अधिकारी, पटवारी एवं बीमा एजेंट की कथित मिलीभगत से चना फसल का नुकसान होना बताकर 25 लाख से अधिक की बीमा राशि का भुगतान कराया गया।



#### आरोपियों ने जुर्म कबूला

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन एएसपी राहुल देव शर्मा, एसडीओपी आशीष कुंजाम के मार्गदर्शन में छुरिया पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 13 दिसंबर को आरोपी अमित वर्मा और परमेश्वर साहू की तलाश कर हिरासत में लिया। पूछताछ करने पर दोनों ने अपराध करना स्वीकार किया। आरोपियों को 14 दिसंबर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

#### जांच में फर्जीवाड़ा की पुष्टि

मामले के खुलासे के बाद कलेक्टर ने तहसीलदार विजय कोठारी की अध्यक्षता में पांच सदस्यों का जांच दल गठित किया था। जांच दल द्वारा ने शिकायत के संबंध में संपूर्ण जांच पर अमित वर्मा ब्लॉक कोऑर्डिनेटर भारतीय कृषि बीमा कंपनी एवं सीएससी संचालक परमेश्वर साहू द्वारा कूटरचित दस्तावेज पोर्टल में प्रस्तुत कर एवं फर्जी फसल बीमा कराकर 23 लाख 28 हजार 944 रुपए को परमेश्वर साहू, गंगेश्वरी साहू एवं रुक्मणी कंवर के बैंक खाते में राशि अंतरण करा लेने पाए जाने पर कृषि विभाग द्वारा आरोपियों के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने निर्देश देने दिया था।वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी गौकरण प्रसाद सहाड़े ने घटना के संबंध में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने बाबत लिखित प्रतिवेदन मय दस्तावेज पेश किया था। पुलिस ने आरोपी अमित वर्मा एवं परमेश्वर साहू के विरुद्ध धारा 316 (5), 318 (4), 336 (2), 336 (3), 338, 340 (2), 61 (2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

---

## स्वशासी महाविद्यालयों की समीक्षा बैठक आयोजित

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य के 11 स्वशासी महाविद्यालयों की समीक्षा बैठक का आयोजन उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त डॉ. संतोष कुमार देवांगन की अध्यक्षता में शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में किया गया। बैठक में आयुक्त डॉ. देवांगन सभी स्वशासी महाविद्यालयों में सत्र 2025-26 के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश की स्थिति, क्रेडिट डेटा अपलोड की स्थिति, महाविद्यालयों में कौशल विकास पर आधारित प्रारंभ किए गए सर्टिफिकेट एवं डिप्लोमा कोर्सेस, भारतीय ज्ञान परंपरा पर प्रारंभ किए गए लघु अवधि के पाठ्यक्रम, शोध पारिस्थितिक तंत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किए गए कार्य, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु महाविद्यालय स्तर पर किए गए प्रयास, करिकुलम के अनुसार ई-कटेंट, विद्यार्थियों के इंटर्नशिप इत्यादि विषयों पर गहन समीक्षा की गई। आयुक्त ने पाठ्यक्रम के अनुसार ई-कटेंट तैयार करने, भारतीय ज्ञान परंपरा पर लघु अवधि के पाठ्यक्रम प्रारंभ करने तथा विद्यार्थियों के क्रेडिट डेटा पूर्ण रूप से अपलोड करने हेतु सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यों एवं परीक्षा नियंत्रकों को विशेष प्रयास करने हेतु निर्देशित किया। बैठक के पूर्व आयुक्त डॉ. देवांगन ने दिग्विजय महाविद्यालय का भ्रमण कर महाविद्यालय के सेंट्रल लैब तथा लाइब्रेरी का निरीक्षण कर विद्यार्थियों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली।

---

## योग प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए युवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

पतंजलि योगपीठ हरिद्वार में आयोजित मुख्य योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर में नगर के पांच युवा शामिल हुए। सभी प्रतिभागी प्रशिक्षण के बाद आयोजित परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। पतंजलि योगपीठ वैलनेस फेस 2 हरिद्वार में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में छत्तीसगढ़ के लगभग 150 लोग शामिल हुए जिसमें नगर के डॉ. अतुल गुप्ता, अभिलाष गुप्ता, शशिकांत, रमन नाहटा, श्रेया नाहटा ने शिविर में हिस्सा लिया। प्रथम दिन रामदेव बाबा और आचार्य बालकृष्ण के सानिध्य में स्वामी परमार्थ देव के निर्देशन में योग, आयुर्वेद, प्राकृतिक



उपचार, यज्ञ थैरेपी, स्वदेशी जागरण, जीवन के लक्ष्य जैसे विषयों पर विशेषज्ञों में जानकारी दिया। केंद्रीय प्रभारी स्वामी परमार्थ देव ने सभी प्रतिभागियों को योग को गांव-गांव तक पहुंचाने का संकल्प दिलाया। प्रशिक्षण से वापस आने पर सभी प्रतिभागियों का पतंजलि परिवार ने सम्मान किया। यह जानकारी पंचूराम साहू ने दी।

---

## खैरा में श्रीराम कथा 24 और 25 को



**सुकुलदैहान।** श्री रामायण ट्रस्ट श्रीधाम आयोध्या की अध्यक्ष दीदी मंदाकिनी के सानिध्य में ग्राम खैरा स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में आगामी 24 एवं 25 दिसम्बर को श्री राम का आयोजन किया गया है। दुर्गा मंदिर प्रांगण में संध्या छह से 8 बजे तक संगीतमय रामकथा का वाचन होगा।

शुभारंभ 24 दिसम्बर को कलश यात्रा के साथ होगा। कलश यात्रा शीतला मंदिर से प्रारंभ होकर प्रमुख स्थानों से गुजरते हुए दुर्गा मंदिर पहुँचेगी। यहां मंदाकिनी दीदी श्रीराम कथा का वाचन करेंगी। आयोजक सिन्हा परिवार के गोपाल राम सिन्हा ने धर्मानुरागियों से शामिल होने का आव्हान किया है।

---

### नगर पंचायत प्रशासन की पहल

# कब्रिस्तान एवं खेल मैदान की सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

रविवार को नगरीय निकाय कर्मचारियों ने स्वच्छता अभियान अंतर्गत वार्ड 4 स्थित कब्रिस्तान में अभियान चला कर सफाई किया। जिले में एक मात्र इसाई समाज का कब्रिस्तान वार्ड 4 में स्थित है। सालों से देखरेख नहीं होने से कब्रिस्तान में खरपतवार एवं पेड़ पौधे उग आए थे। कब्रिस्तान के उपयोग के समय समुदाय विशेष के साथ स्थानीय नागरिकों को आवागमन और ठहरने में काफी मुश्किलों का सामना करना पडता था। गुरूवार को जब बाजार भर्रीटोला निवासी एक व्यक्ति का



अंतिम संस्कार कब्रिस्तान में किया जहां था तब शामिल होने पहुंचे नगर पंचायत अध्यक्ष को यहां की समस्या नजर आई। अध्यक्ष ने समस्या को संज्ञान लेते हुए रविवार को मौके में खड़े होकर सफाई कराया।

#### मैदान में दूसरी बार श्रमदान

नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी के मार्गदर्शन में स्वच्छता मित्रों एवं स्व्च्छता दीदियो ने शनिवार को मैदान में दूसरी बार श्रमदान किया। प्रत्येक सप्ताह शनिवार को श्रमदान के तहत कर्मचारियों द्वारा प्रातः 9 से 11 बजे तक मैदान से कंकड पत्थर हटाए और सफाई किया। मैदान के गढढो को भरा गया। इस मुहिम में उपयंत्री योगेश्वरसिंह ठाकुर, लोकेश सलामे, रामसाय पटेल, मुकेश पटेल, सुनील कोमरे सहित अन्य शामिल हुए।

---

## कॉलेज में मनाया मानवाधिकार दिवस



**जालबांधा।** स्थानीय नवीन महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन और वाणिज्य विभागाध्यक्ष संजय देवांगन के निर्देशन में विश्व मानवाधिकार दिवस मनाया गया। प्रारंभ में डॉ. गुप्ता ने विद्यार्थियों को बताया कि दुनिया भर में हर एक व्यक्ति के जन्मसिद्ध अधिकारों की अहमियत को उजागर करने के लिए मानवाधिकार दिवस मनाया जाता है। मानवाधिकार सभी के लिए समानता, स्वतंत्रता और गरिमा सुनिश्चित करता है। जयप्रकाश साहू ने कहा कि सभी मनुष्यों को बिना किसी भेदभाव के अधिकार प्राप्त है। संचालन डॉ नवीन सिंह राजपूत ने किया। इस दौरान रविप्रकाश चतुर्वेदी, रितेश बंजारे, पूजा देवांगन, मासूम वर्मा, अंजली रामटेक्कर, नेमू साहू, डॉ. साधना वर्मा, शिवम वैष्णव, वासु दुबे एवं अश्विन गौतम मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### नरेंद्र को मिली पीएचडी

**खैरागढ़।** शहर के ईतवारी बाजार वार्ड निवासी नरेंद्र सोनी को दुर्ग के भारती विवि द्वारा कला और मानविकी संकाय अंतर्गत मनोविज्ञान विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। यह जिले में मनोविज्ञान विषय पर पहली पीएचडी है, जो आत्महत्या की समस्या का सामाजिक मनोवैज्ञानिक और विधिक अध्ययन पर आधारित है। परिसर में आयोजित दीक्षांत समारोह में उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा ने उपाधि प्रदान की। शोध प्रबंध मे नरेंद्र सोनी ने आत्महत्या के सामाजिक-मनोवैज्ञानिक कारणों, रोकथाम के उपायों और कानूनी प्रावधानों का विस्तृत विश्लेषण किया, जो समाज में बढ़ती गंभीर समस्या को संबोधित करने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि देश में एनसीआरबी के अनुसार प्रतिवर्ष 1 लाख 80 हजार मौत का आंकड़ो मे चौथा सबसे बड़ा कारण आत्महत्या है जिसमे स्कूली बच्चे और किशोर युवाओं की संख्या अधिक है। यह शोध उनके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता फैलाने का माध्यम बनेगा।

### भागवत कथा 28 से

**छुरिया।** ग्राम भोलापुर में 28 दिसंबर से 5 जनवरी तक जय मां अंबे पंचदर्शन मंदिर समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन रखा गया है। कथावाचक भागवताचार्य पं मनोज पुष्प महाराज होंगे। आयोजन समिति के अध्यक्ष शिशुपाल साहू, उपाध्यक्ष मनबोध चतुर्वेदी, सचिव रूखम पांडे, कोषाध्यक्ष पोखनदास साहू, उप कोषाध्यक्ष लालाराम साहू, सह सचिव जागृतदास साहू हैं।

### दूरी, दिशा और असुविधा बनी कारण, पुराने हॉस्पिटल को लेकर चिंता

# शहर से बाहर गया हॉस्पिटल इलाज से दूर हो रहे नगरवासी

## शहर से 2 किलोमीटर दूर अस्पताल, बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

नगरवासियों के लिए वर्षों तक भरोसे और सुविधा का केंद्र रहा पुराना सरकारी हॉस्पिटल अब शहर से बाहर चला गया है। पुराने हॉस्पिटल स्थल के स्थान पर नव निर्मित 50 बिस्तर अस्पताल को नगर सीमा से लगभग दो किलोमीटर दूर स्थापित किए जाने के बाद आम नागरिकों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। दूरी अधिक होने और अस्पताल की दिशा नगर के मुख्य मार्ग से विपरीत होने के कारण अब लोग नए हॉस्पिटल जाने से कतराने लगे हैं।

नगर का पुराना हॉस्पिटल शहर के हृदय स्थल में स्थित था। बस स्टैंड से समीप होने के कारण मरीजों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और गरीब वर्ग के लिए वहां पहुंचना आसान था। ऑटो, बस और निजी वाहनों की सहज उपलब्धता के चलते दिन-रात मरीजों का आना-जाना बना रहता था। नगरवासी इस हॉस्पिटल को केवल इलाज का केंद्र नहीं, बल्कि अपनी सुरक्षा और भरोसे का स्थान मानते थे।

नया 50 बिस्तर अस्पताल नगर से बाहर होने के कारण विशेषकर बुजुर्गों, महिलाओं और दैनिक मजदूरी करने वालों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सार्वजनिक परिवहन की सीमित सुविधा, निजी वाहन न होने और अतिरिक्त खर्च के कारण अब कई लोग इलाज के लिए छुईखदान के बजाय खैरागढ़ और राजनांदगांव की ओर रुख करने लगे हैं। इससे न केवल समय और धन की हानि हो रही है, बल्कि आपात स्थिति में जान का खतरा भी बढ़ गया है।



### पुराने हासिपटल में स्वास्थ्य सेवा जारी रखा जाए

नगर के जागरूक नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने प्रशासन से मांग की है कि पुराने हॉस्पिटल परिसर में सिविल अस्पताल, मोहल्ला क्लिनिक, प्राथमिक उपचार केंद्र या मातृ-शिशु स्वास्थ्य इकाई की स्थापना की जाए। इससे नगर के भीतर रहने वाले नागरिकों को प्राथमिक उपचार, जांच और परामर्श की सुविधा मिल सकेगी तथा उन्हें हर छोटी बीमारी के लिए शहर से बाहर नहीं जाना पड़ेगा। नगरवासियों का कहना है कि यदि पुराने हॉस्पिटल में पुनः स्वास्थ्य सेवाएं शुरू की जाती हैं, तो यह जनता के विश्वास को मजबूत करेगा और नगर को बड़ी राहत देगा। उन्होंने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि जनहित को प्राथमिकता देते हुए पुराने हॉस्पिटल को स्वास्थ्य सेवा केंद्र के रूप में ही बनाए रखा जाए।

### स्वास्थ्य सेवाओं के बीच बढ़ी दूरी

नगरवासियों का कहना है कि पुराने हॉस्पिटल के नगर के बीच में होने से समाज का हर वर्ग इससे जुड़ा हुआ था। व्यापारी, छात्र, श्रमिक और ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीज आसानी से इलाज करा पाते थे, लेकिन अब नया हॉस्पिटल शहर से बाहर होने के कारण आमजन और स्वास्थ्य सेवाओं के बीच दूरी बढ़ गई है। इस बीच, पुराने हॉस्पिटल भवन को लेकर भी नगरवासियों में गहरी चिंता व्याप्त है। लोगों को आशंका है कि कहीं वर्षों से जनता की सेवा में रहा यह हॉस्पिटल भवन अब निष्क्रिय होकर किसी अधिकारी का आवास या बंगला न बना दिया जाए। यदि ऐसा हुआ तो यह नगरवासियों के लिए दुर्भाग्यपूर्ण होगा और जनता के हितों के विपरीत होगा।

# मदराकुही से पांडुका को पक्की सड़क से जोड़ने की कवायद तेज



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिला पंचायत क्षेत्र जालबांधा में बहुप्रतीक्षित मांगों को पूरा कराने और ग्रामीणों से किए वादों को निभाने जिपं सदस्य शताक्षी सिंह मैदान पर सक्रियता से काम कर रही है जिसके चलते खैरागढ़ दुर्ग पक्की सड़क से नवागांव जाने और मदराकुही होकर पांडुका आने तक पक्की सड़क निर्माण की उनकी मांग पर प्रग्रासयो के अधिकारियों ने मौका निरीक्षण किया।

जिपं सदस्य शताक्षी सिंह ने कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल से मुलाकात कर कच्ची धूल भरी सड़क के चलते वर्तमान समय में ग्रामीणों को हो रही परेशानियों से अवगत कराया था। जिसके बाद कलेक्टर के निर्देश पर सड़क निर्माण के लिए प्राक्कलन तैयार करने की दिशा में कार्रवाई तेज हो गई है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के एसडीओ सहित अन्य अधिकारियों ने दोनों सड़कों का मौका निरीक्षण किया इस दौरान जिपं सदस्य शताक्षी सिंह भी मौजूद थी। अधिकारियों को जमीनी हालात से अवगत कराते हुए उन्होने कहा कि पक्की सडक़ के अभाव में ग्रामीणों को आवागमन, शिक्षा, स्वास्थ्य और आपातकालीन सेवाओं में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। निरीक्षण दल के साथ कृष्ण कुमार वर्मा, नित्य शरण सिंह, पंचायत पदाधिकारियो सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। जिपं सदस्य ने ग्रामीणों रूबरू होकर विभिन्न क्षेत्रीय समस्याओं पर चर्चा की और आश्वासन दिया कि उक्त सड़कों के निर्माण के लिए हर स्तर पर पुरजोर प्रयास करेंगी। उन्होंने बताया कि इन दोनों सड़कों के अलावा राजनांदगॉव मेन रोड से दपका टेकापार जाने वाली सड़क भी जर्जर हो गई है उसके पुनर्निर्माण को लेकर भी प्रशासन से मांग की जा रही है।

### रामाटोला मंडई 27 को

**लालबहादुर नगर।** निकटवर्ती ग्राम रामटोला में आगामी 27 दिसंबर को मंडई का आयोजन किया गया। रात्रि में लोगों के मनोरंजन के लिए रंगधारा सुरगी का सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी कुलेश्वर साहू ने देते आसपास के लोगों से शामिल होने का आव्हान किया है।

# संगठन सृजन अभियान के तहत 17 को कांग्रेस की महा-विस्तारित बैठक

**छुईखदान।** जिला कांग्रेस कमेटी केसीजी, छत्तीसगढ़ के अंतर्गत संगठन सृजन अभियान के तहत राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा नियुक्त जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष की अध्यक्षता में जिला कांग्रेस की महा-विस्तारित अति-आवश्यक बैठक का आयोजन किया जा रहा है। यह बैठक मंगलवार, 17 दिसंबर को दोपहर 2 बजे से मंगल भवन, छुईखदान में होगी।

बैठक में विशेष रूप से खैरागढ़ विधायक यशोदा वर्मा, डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व अध्यक्ष, जिला सहकारी बैंक नवाज खान, अध्यक्ष, नगर पंचायत लाल टाकेश्वर शाह खुसरो,तथा अध्यक्ष, नगर पंचायत नम्रता गिरी राज किशोर दास की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

इस महा-विस्तारित बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी को अधिक सशक्त बनाने, संगठन में अनुशासन के प्रभावी क्रियान्वयन, जिला कांग्रेस कार्यकारिणी के गठन, खैरागढ़ नगर पालिका चुनाव की रणनीति, तथा भारतीय जनता पार्टी की जनविरोधी नीतियों के विरुद्ध आगामी विरोध कार्यक्रमों को अधिक प्रभावी व धारदार बनाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा कर नीतिगत निर्णय लिए जाएंगे।

बैठक में समस्त ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, किसान कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, अनुसूचित जाति एवं जनजाति प्रकोष्ठ, आईटी सेल, महिला कांग्रेस के जिला अध्यक्ष एवं पदाधिकारीगण, जिले के समस्त जिला पंचायत व जनपद पंचायत सदस्य, कांग्रेस समर्थित पराजित प्रत्याशी, नगर पालिका व नगर पंचायत खैरागढ़, छुईखदान एवं गंडई के समस्त पार्षद व कांग्रेस समर्थित पार्षद प्रत्याशी, प्रदेश प्रतिनिधि, मंडल एवं बूथ स्तर के कार्यकर्ता आमंत्रित हैं। जिला कांग्रेस कमेटी ने सभी कांग्रेसजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बैठक को सफल एवं सार्थक बनाने की अपील की है।

# चारागाह और तालाब की जमीन पर अवैध कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- एसडीएम ने दिया कार्रवाई का निर्देश
- ग्रामीणों ने अवैध निर्माण की शिकायत की

ब्लाक के ग्रापं अकरजन में हीरावाही खार में शासन द्वारा स्वीकृत तालाब निर्माण स्थल और सालों पुरानी चारागाह भूमि पर अवैध निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने कोड़े नवागांव निवासी घनश्याम पिता गौराम साहू पर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण का आरोप लगाते हुए एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू को ज्ञापन सौंपा जिसमें उन्होंने कहा कि जिस भूमि पर निर्माण किया जा रहा है वहां लंबे समय से गांव के मवेशियों के लिए चारागाह संचालित है और उसी भूमि पर शासन की महत्वपूर्ण योजना के तहत तालाब निर्माण स्वीकृत है। इसके बावजूद घनश्याम साहू द्वारा बिना अनुमति निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में घनश्याम साहू को तीन से चार बार समझाइश दी गई जिसके चलते दो साल पहले उसने निर्माण कार्य बंद कर दिया लेकिन अब फिर ग्रामीणों को गुमराह कर अवैध निर्माण शुरू कर दिया है। जब ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर निर्माण रोकने की कोशिश की तो घनश्याम साहू, उनके पुत्र तारेश साहू, जय साहू और परिवार के अन्य सदस्यों ने ग्रामीणों से बहस करते हुए अपमानजनक व्यवहार किया और खुले तौर पर धमकी देते हुए कहा कि जहां जाना है जाओ, शिकायत कर लो।

### संज्ञान में आते ही लिया एसडीएम ने एक्शन

हीरावाही के ग्रामीणों की बात सुनने एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू चेंबर से बाहर आए और पूरी संवेदनशीलता के साथ ग्रामीणों की समस्या सुनी और तहसीलदार को तत्काल बुलाकर मौके पर ही पटवारी को स्थल निरीक्षण करने कहा। निर्देश बाद मौके पर पहुंची पटवारी मनीषा जंघेल ने स्थल निरीक्षण बाद बताया कि जांच में सामने आया है कि लगभग 12 डिसमिल अतिरिक्त शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर निर्माण कार्य किया जा रहा था जिसे तुरंत रोकने कहा गया है।

### शिवपुराण कथा 18 तक

**एलबी नगर।** नगर की श्री राधा कृष्ण महिला मंडली के तत्वावधान में शिव पुराण कथा का आयोजन श्री राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण में किया गया है। कथा वाचक पंडित शंकरनंद शर्मा साल्हेवारा होंगे। कथा का वाचन आगामी 18 दिसंबर तक होगा। आयोजकों ने आसपास के ग्रामीणों से उपस्थिति की अपील की है।

# पंद्रह हजार से अधिक प्रकरणों का निपटारा

## नेशनल लोक अदालत आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

तालुक विधिक सेवा समिति द्वारा आयोजित नेशनल लोक अदालत में वर्चुअल कॉन्फ्रेंसिंग और भौतिक माध्यम से प्रकरणों का निपटारा कर पक्षकारों को लाभान्वित किया गया। छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के तत्वावधान में आयोजित लोक अदालत मे प्रकरण से संबंधित पक्षकारों को भौतिक रूप के अलावा वर्चुअल कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मामले में सुलह की सुविधा प्रदान की गई थी।

लोक अदालत का शुभारंभ पक्षकारों की मौजूदगी मे राष्ट्रपिता और मां सरस्वती के तैलचित्र पर डीजे मोहनी कंवर, सीजेएम निधि शर्मा, जेएमएफसी आकांक्षा खलको व संपूर्ण कोर्ट स्टाफ सहित पीएलवी गोलूदास साहू, कला प्रजापति, छविराज सहित अधिवक्ताओ ने माल्यार्पण कर किया। डीजे मोहनी कंवर के न्यायालय में 22 प्रकरणों में पक्षकारों से सहमति उपरांत मामले का निपटारा कर उन्हें लाभान्वित किया गया इनमें 15 दावा प्रकरणों में कुल अवार्ड राशि 90 लाख 33 हजार 103 रू., अदर सिविल के 6 केसेस 33 लाख 25 हजार 554 रू और प्री लिटिगेशन नगर पालिका खैरागढ़ के 2 मामलों में 6230 रुपए, बीएसएनएल के 8 प्रकरणों में 10 हजार 711 और बैंक रिकवरी के दो केस में 3 लाख 74 हजार 117 रूपयों का अवार्ड पारित हुआ। इसी प्रकार सीजेएम निधि शर्मा के कोर्ट में ट्रैफिक चालान में 430 मामलों में 43 हजार रूपए, कैसेस ऑफ यू/एस 321, 258 सीआरपीसी एंड ऑल अदर पेटी ऑफेंस ईटीसी बाय स्पेशल सीटिंग मजिस्ट्रेट के 140 प्रकरणों में 82 हजार 700 रूपए,138 चेक बाउंस के 06 मामलों में 19 लाख 32 हजार 967 रू अवार्ड राशि पास हुआ वही आपराधिक और सिविल केसेज के मामलों में समझौता हुआ।



### 15451 का निपटारा, डेढ़ करोड़ से ज्यादा अवार्ड पारित

एसीजेएम आकांक्षा खलखो के कोर्ट मे ट्रैफिक चालान में 219 मामलों में 21 हजार 900, कैसेस ऑफ यू/एस 321, 258 सीआरपीसी एंड ऑल अदर पेटी ऑफेंस ईटीसी बाय स्पेशल सीटिंग मजिस्ट्रेट के 8 प्रकरणों में 6 हजार 500 रूपए अवार्ड राशि पास हुआ साथ ही 9 क्रिमिनल कंपाउंडेबल और 2 अदर सिविल केसेस के मामले में 7 लाख 75 हजार रूपयो का अवार्ड पास हुआ। राजस्व न्यायायलों में 14 हजार 599 प्रकरण में निराकृत हुए जिसमे 1 लाख 48 हजार 684 रु राशि अवॉर्ड हुआ। आपसी समझौता और बातचीत कर राजीनामा करने समिति द्वारा प्री सिटिंग की व्यवस्था की गई थी जहां लोगों को आपसी सुलह से राजीनामा करने के लिए प्रेरित किया गया। नेशनल लोक अदालत में कुल 15 हजार 451 केसों का निपटारा कर 1 करोड़ 56 लाख 3 हजार 679 रूपयो का अवार्ड पारित हुआ। इस दौरान कोर्ट स्टाफ सहित सुलहकर्ता अधिवक्ता सुरेश सिंह ठाकुर, गिरिराज सिंह ठाकुर, शक्ति सिंह गहलोत, ज्ञानदास बंजारे, विक्रम यदु, नीरज झा, मेनुका साहू, संतू साहू, योगेश चंदेल, सुनीलकांत पांडेय, मिहिर झा, चंद्रशेखर वर्मा, उमाकांत चौबे, सर्वेश ओसवाल, शत्रुघ्न वर्मा, भुवनेश्वर वर्मा, विवेक कुर्रे, कमलेश मारकंडे, मनोज चौबे, नीरज साहू, विशाल महिपाल, सत्यकला वर्मा, सुरेश साहू, सुबोधकांत पांडेय, रोशन वर्मा, महेश साहू,मनराखन देवागंन, रोशन वर्मा, टीके चंदेल, एसके दास, रामकुमार जांगड़े, संदीप दास वैष्णव, गजेंद्र ठाकरे, सूर्यदमन सिंह, सुप्रीत सिंह, घम्मन साहू, रोशन वर्मा, सत्यकला वर्मा, दीपेश ठाकुर कौशल कोसरे सहित अन्य मौजूद थे।

## खनन हॉटस्पाट के रूप में क्षेत्र का प्रदेश में बन रहा पहचान

# छुईखदान में चूना पत्थर तो साल्हेवारा में लौह अयस्क, 1217 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला इलाका

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

साल्हेवारा-छुईखदान क्षेत्र तेजी से प्रदेश में उभरते हुए खनन हॉटस्पॉट के रूप में अपनी पहचान मजबूत करता जा रहा है। नचनिया, भाजीडोंगरी, जगमड़वा, हनईबन, मरदकठेरा और संडी ब्लॉक के बाद अब गोपालटोला लौह अयस्क ब्लॉक भी इसी श्रृंखला में जुड़ गया है।

एमएसटीसी के आधिकारिक ई-ऑक्शन पोर्टल के अनुसार गोपालटोला लौह अयस्क ब्लॉक की ई-नीलामी व निविदा प्रक्रिया नवंबर माह में निर्धारित समय-सीमा के भीतर हो चुकी है, यह स्पष्ट संकेत है कि क्षेत्र में खनन गतिविधियों की दिशा में ठोस प्रगति हो रही है। प्रदेश के खनिज संसाधन विभाग द्वारा गोपालटोला लौह अयस्क ब्लॉक के लिए कंपोजिट लाइसेंस की ई नीलामी एमएसटीसी पोर्टल के माध्यम से की गई थी जिसमे उपलब्ध विवरण अनुसार यह 10 नवंबर 25 से 19 नवंबर 25 तक हुई। निर्धारित अवधि में बोली प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही तकनीकी, वित्तीय मूल्यांकन और सफल बोलीदाता से जुड़ी आगे की औपचारिकताओं का रास्ता खुल गया है।

### तीन गांव में फैला 1217 हेक्टेयर का विशाल खनिज

गोपालटोला लौह अयस्क ब्लॉक साल्हेवारा तहसील के गोपालटोला, बांसभीरा और लालपुर के जंगलों में विस्तारित है। कुल 1217 हेक्टेयर क्षेत्रफल वाला यह ब्लॉक पूर्ण रूप से खनिजयुक्त माना गया है। भूविज्ञान व खनन निदेशालय द्वारा यहां जी-4 स्तर का प्रारंभिक अन्वेषण किया जा चुका है, जो आगे के विस्तृत सर्वेक्षण के लिए मजबूत आधार प्रदान करता है। क्षेत्रफल और खनिज निरंतरता के लिहाज से यह जिला के प्रमुख लौह अयस्क ब्लॉकों में शामिल है। उपलब्ध भूवैज्ञानिक आंकड़ों के अनुसार गोपालटोला ब्लॉक में कुल 8.85 मिलियन टन लौह अयस्क संसाधन अनुमानित हैं। इसमें 7.20 मिलियन टन उच्च ग्रेड 65 प्रतिशत से अधिक, 0.21 मिलियन टन मध्यम ग्रेड तथा 1.44 मिलियन टन निम्न ग्रेड अयस्क शामिल है। चार प्रमुख लैटेरिटिक खनिज क्षेत्रों में किए गए बोरहोल परीक्षणों में अयस्क स्तंभ की मोटाई 3 से 8 मीटर तक पाई गई है, जिसे भविष्य के खनन के लिए सकारात्मक संकेत माना जा रहा है।

### विकास और जनचिंता दुहरी चुनौती

विशेषज्ञों के अनुसार गोपालटोला ब्लॉक की नीलामी प्रक्रिया का पूरा होना साल्हेवारा, छुईखदान क्षेत्र में खनन आधारित औद्योगिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है हालांकि संडी में प्रस्तावित सीमेंट परियोजना को लेकर पहले से मौजूद जनचिंताओं के चलते आने वाली खनन परियोजनाओं में पर्यावरण संतुलन, ग्रामसभा की भूमिका और स्थानीय हितों को लेकर विशेष सतर्कता बरतना प्रशासन और कंपनी दोनों के लिए बड़ी चुनौती रहेगा।

### कंपोजिट लाइसेंस बाद अन्वेषण से तय होगा

कंपोजिट लाइसेंस की प्रक्रिया तहत सफल बोलीदाता को पहले विस्तृत खनिज अन्वेषण करना होगा। यदि अन्वेषण में व्यवसायिक रूप से उपयुक्त मात्रा में लौह अयस्क की पुष्टि होती है, तो उसी कंपनी को आगे चलकर खनन पट्टा प्रदान किया जाएगा। इसके बाद माइनिंग प्लान की स्वीकृति, पर्यावरणीय अनुमति, विस्फोटक लाइसेंस व आवश्यकता अनुसार वन सहित अन्य वैधानिक स्वीकृतियाँ लेना होगा। पूरी प्रक्रिया चरणबद्ध और नियमानुसार आगे बढ़ेगी। संबंध में जिले के सहायक खनिज अधिकारी बबलू पांडे ने स्पष्ट किया कि गोपालटोला लौह अयस्क ब्लॉक फिलहाल एमएसटीसी के ऑक्शन प्लेटफार्म पर दर्शित है। उन्होंने कहा कि नीलामी प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद विभाग को एलओआई, राशि जमा होने अथवा लिखित आधिकारिक सूचना प्राप्त नहीं होती तब तक किसी कंपनी को ब्लॉक आवंटन की औपचारिक पुष्टि नहीं मानी जा सकती। विभाग को वर्तमान में जानकारी पोर्टल के माध्यम से मिल रही है और आगे की कार्रवाई राज्य स्तर से निर्देश मिलने के बाद ही की जाएगी।

# मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा और मंच भूमिपूजन में शामिल हुए सिंह

## अंतिम व्यक्ति तक तीव्र गति से पहुंच रहा विकास

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लॉक के ग्रापं सर्रा गोंदी आश्रित ग्राम मुस्का में शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम और शीतला मंच निर्माण का भूमिपूजन विधिवत पूजा अर्चना साथ जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने किया।

पूजा-अर्चना और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मंदिर में प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा और शीतला मंच निर्माण कार्य का भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि केंद्र और राज्य में डबल इंजन की सरकार कार्य कर रही है, जिससे योजनाओं का लाभ तीव्र गति से प्रदेश के प्रत्येक नागरिक तक पहुँच रहा है। उन्होंने बताया कि मोदी की गारंटी के तहत छत्तीसगढ़ में किसानों से धान 31 सौ रुपये प्रति क्विंटल की दर पर खरीदी की जा रही है, जिससे किसानों को आर्थिक



मजबूती मिली है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार बनते ही कांग्रेस सरकार के समय रुके हुए 18 लाख आवासों की स्वीकृति मिली, जिससे लाभार्थियों के चेहरे पर मुस्कान लौटी है। साथ ही राज्य सरकार द्वारा संचालित महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को प्रतिमाह 1 हजार रुपए की राशि प्रदान की जा रही है, जिससे उन्हें आत्मसम्मान और आर्थिक सहयोग प्राप्त हो रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ शैलेंद्र त्रिपाठी ने की विशिष्ट अतिथि के रूप मे जनपद सदस्य शैलेंद्र मिश्रा सहित जिला भाजपा महामंत्री शशांक ताम्रकार, डॉ. चंदू वर्मा, फुलेश्वरी साहू, प्रताप साहू, रामअवतार साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## सार समाचार

### प्रोजेक्ट उन्नति के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम



**राजनांदगांव।** ग्राम पंचायत बैगाटोला में 8 दिसंबर से 6 जनवरी तक 30 दिवसीय प्रशिक्षण आरसेटी राजनांदगांव के निदेशक अमित मिश्रा के मार्गदर्शन में राजनांदगांव विकासखंड में प्रोजेक्ट उन्नति 2.0 के तहत राज मिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण बड़ौदा आरएसईटीआई, राजनांदगांव प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं मनरेगा योजना के शन्युक्त प्रयास से आयोजित की जा रही है। जिसका उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को रोजगारोन्मुख कौशल प्रदान करना और उन्हें आजीविका के बेहतर अवसरों से जोड़ना है। कार्यक्रम में ग्राम के 30 महिलाएं उत्साहपूर्वक भाग ले रही है। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षक और आरसेटी के संकायो द्वारा सबको राज मिस्त्री के विभिन्न कार्यों (चीनाई, प्लास्टर, आधार निर्माण, सीमेंट, रेत, ईट के प्रकार) के साथ-साथ व्यवहार कौशल, उद्यमिता विकास, उद्यमी के गुण, बचत, शासन की विभिन्न जनहितकारी योजना और प्रशिक्षण उपरांत मिलने वाले लाभों की विस्तृत जानकारी संस्था के संकाय प्रेमचंद साहू, ऋषभ मिश्रा द्वारा दी जा रही है।

### नीरज ग्रुप ऑफ स्कूल के बच्चों की चौपाटी पिकनिक

**राजनांदगांव।** नीरज ग्रुप ऑफ स्कूल के नीरज पैरेन्ट्स प्राइड स्कूल बल्देवबाग, जयस्तंभ चौक, एनबीआईएस बोरी, नीरज फाउंडेशन स्कूल के प्री-प्रायमरी के बच्चों ने चौपाटी पुष्प वाटिका राजनांदगांव में पिकनिक सहित खेलकूद का आनंद मनमोहक वातावरण एवं आकर्षक माहौल में उठाया। शाला के प्री-नर्सरी से केजी-2 के छात्र-छात्राओं ने चैपाटी एवं पुष्प वाटिका में शाला द्वारा लगवाए गए मिक्की माउस जम्पर, बाउंसिंग एवं सुमधुर गीतों पर डांस का लुत्फ उठाते झूम उठे। इस अवसर पर शाला संचालक नीरज बाजपेयी एवं सोनल बाजपेयी, कुंतल बाजपेयी, रेणु बाजपेयी उपस्थित रहकर बच्चों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखते समस्त स्टाफ द्वारा सुरक्षा चक्र बनाकर बच्चों को बीच में रखकर इस भ्रमण का भरपूर मनोरंजन कराया। उक्त अवसर पर नीरज ग्रुप ऑफ स्कूल के समस्त हेडमिस्ट्रेस बल्देवबाग वैशाली सिंग, जयस्तंभ चौक स्नेहा तिवारी, नीरज फाउंडेशन मधुजा माहेश्वरी शास्त्री एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहकर छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। उक्त जानकारी शाला प्रशासक ने दी।



### जयंती समारोह 18 को

**राजनांदगांव।** संत शिरोमणि गुरू घासीदास बाबा जी की जन्म जयंती आगामी 18 दिसंबर को स्थानीय स्टेशनपारा सतनामी मोहल्ला वार्ड नं. 13 राजनांदगांव में मनाया जाएगा। उक्त जानकारी जय सतनाम सेवा समिति के अध्यक्ष रोहित मंडले द्वारा दिया गया है।

### सर्वेक्षण समिति की बैठक 22 को

**राजनांदगांव।** अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय की अध्यक्षता में मैनुअल स्कैवेंजर्स के तहत हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों के नियोजन का प्रतिषेध और उनका पुनर्वास अधिनियम के तहत जिला स्तरीय सतर्कता एवं जिला स्तरीय सर्वेक्षण समिति की बैठक 22 दिसम्बर को अपरान्ह 1 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। मैनुअल स्कैवेंजर्स समिति के सदस्यों से बैठक में उपस्थित होने का अनुरोध किया गया है।

### 18 जनवरी को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**राजनांदगांव।** लायंस क्लब ऑफ नांदगांव में विशाल स्वास्थ्य शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सतीश सूर्यवंशी एमडी डीएम (कार्डियोलॉजी) व महिला रोग विशेषज्ञ एमडी प्रज्ञा सूर्यवंशी, हड्डी एवं जोड़ विशेषज्ञ डॉ. सौरभ खरे एमडी द्वारा 18 जनवरी को लायन सेवा सदन गुरुद्वारा रोड़ राजनांदगांव में निःशुल्क जांच की जाएगी। जिसके प्रभारी डॉ. लायन आनंद वर्गीस हैं।



### खेत में लगे पंप का केबल वायर चोरी

**राजनांदगांव।** गांव के खेत में लगे मोटर पंप का केबल वायर अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया। जिसकी रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खुटेरी स्थित किसानों के खेत में लगे मोटर पंप का केबल वायर, सोलर झटका मशीन को अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया। जिससे गांव में सनसनी फैल गई है। चोरी की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है।

### गुरु घासीदास जयंती के उपलक्ष में निकाली बाइक रैली

**राजनांदगांव।** 18 दिसंबर को बाबा गुरु घासीदास की 269वीं जयंती के उपलक्ष में जिला सतनामी सेवा समिति द्वारा रविवार को शहर में बाइक रैली का आयोजन किया गया। युवा प्रकोष्ठ के माध्यम से आयोजित इस बाइक रैली में सतनामी समाज के सैकड़ो अनुयायी शामिल हुए। बाबा गुरु घासीदास जयंती के उपलक्ष में सतनामी समाज द्वारा विभिन्न आयोजन किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में शहर में बाइक रैली का आयोजन किया गया।



यह बाइक रैली जिला सतनाम भवन से शुरू होकर अंबेडकर चौक, मोतीपुर, नया ढाबा, चिखली, स्टेशन पारा होते हुए कन्हारपुरी से नंदई चौक पहुंची। युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष गुलाब चंदेल ने बताया कि इस रैली के माध्यम से बाबा गुरु घासीदास के संदेश को अपने जीवन में आत्मसात करने जागृति लाई जा रही है। समाज के जिला अध्यक्ष ने बताया कि आगामी 17 दिसंबर को भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा । वहीं 18 तारीख को बाबा का झंडा रोहण कार्यक्रम आयोजित होगा जिसमें जिलेभर से समाज के लोग जुटेंगे।

### बच्चों को कराया न्योता भोज

**राजनांदगांव।** सेवानिवृत्त शिक्षक राजेश कुमार साव ने अपने जन्मदिवस पर आंगनबाड़ी, हाईस्कूल के बच्चों सहित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रूवातला के लगभग 375 बच्चों को न्योता भोज में खीर-पुड़ी, भजिया, चना-आलू की सब्जी खिलाया गया। कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य वीरेंद्र दुबे, सेवानिवृत्त व्याख्याता शिवकुमार गढ़पायले, प्रधानपाठक लूनकरण वर्मा, बंदिश नेमपांडे, संध्या गोस्वामी, प्रतीक्षा दास, भारती देखमुख, नीतू वर्मा, प्रीतलाल साहू, प्रेमचंद वर्मा, मोहम्मद अमीन कुरैशी, तिलेश्वर वर्मा, राजेश वर्मा, ठाकुरराम चंद्रवंशी, संतोषी डड़सेना, हरीश वरुडकर, कविता सिरमौर, लोकमती वर्मा आदि उपस्थित थे।

## विशाल हिंदू सम्मेलन में धर्म संस्कृति को बढ़ाने जनजागरण

# हिन्दुत्ववादी शक्तियों को देश की भलाई के लिए होना होगा सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के चिखली क्षेत्र स्थित मंगल भवन मैदान परिसर में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सनातन धर्म संस्कृति के प्रति जनचेतना जागृत करने के उद्देश्य से आयोजित इस सम्मेलन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सर कार्यवाहक अतुल लिमये मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। इस सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अपने जीवन के उद्देश्य को पुनः स्मरण करें।

उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की विचारधारा संपूर्ण विश्व कल्याण की विचारधारा है। हिन्दुत्ववादी शक्तियों को देश की भलाई के लिए सक्रिय होना होगा। उन्होंने कहा कि असंतुलन जब होता है, भारत का विभाजन होता है। वहीं उन्होंने आतंकवाद पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि डॉक्टर भगवान का रूप माने जाते हैं, लेकिन अब इस पेश में भी आतंकवादी सामने आए हैं, जो चिंतनीय है।




#### सम्मेलन से मिली सीख

आयोजन में मिले संदेश को लेकर डॉक्टर विधि तिवारी ने कहा कि यह काफी अच्छा आयोजन हुआ है । उन्होंने कहा कि अपने धर्म को बचाने और आगे बढ़ाने के साथ हम अपने घरों में क्या कर सकते हैं । महिलाएं, पुरूष और बच्चों के लिए इस सम्मेलन में अच्छी सीख दी गई है।

#### भजन-आरती से भरा उत्साह

विशाल हिंदू सम्मेलन के आयोजन अवसर पर शांतिनगर स्थित मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई । जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई। वहीं इस आयोजन में सामूहिक भजन-आरती से उत्साह भर गया।

#### धर्म के प्रति जागृति

सम्मेलन के आयोजन को लेकर कार्यक्रम के संयोजक राघव वर्मा ने बताया कि सनातनियों को एकत्रित कर धर्म के प्रति जनचेतना जागृत करने यह आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से संदेश दिया जा रहा है कि जात-पात की करो विदाई, हम सब हिंदू भाई-भाई।

#### धर्मप्रेमी हुए शामिल

विशाल हिंदू सम्मेलन के आयोजन में स्वदेशी जागरण, राष्ट्रभक्ति, धर्म की रक्षा सहित विभिन्न संदेश दिए गए। वहीं आयोजन में संत समाज ने भी धर्म जागरण को लेकर संदेश दिया। कार्यक्रम के आयोजन में सांसद संतोष पांडे, महापौर मधुसूदन यादव, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में धर्मप्रेमी शामिल हुए।

### आबकारी एक्ट के फरार आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** अवैध रूप से शराब ले जा रहे आरोपी मोपेड सहित शराब को छोड़कर फरार हो गए थे। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों पर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 28 नवंबर को चौकी सुकुलदैहान द्वारा मुखबीर की सूचना पर ग्राम हरदी की ओर रवाना हुआ था। रेड कार्रवाई के दौरान स्कूटी जुपीटर के चालक द्वारा उक्त स्कूटी एवं स्कूटी में रखे शराब को छोड़कर रात्रि का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया था, जिस पर अज्ञात चालक के विरुद्ध अपराध चौकी सुकुलदैहान में धारा 34(2) आबकारी एक्ट कायम कर कुल 36 पौवा गोवा स्पेशल अंग्रेजी शराब एवं 1 नग वाहन स्कूटी जुपीटर को जब्त कर स्कूटी के अज्ञात चालक का पता तलाश किया जा रहा था। विवेचना के दौरान आरटीओ कार्यालय राजनांदगांव से जानकारी प्राप्त कर स्कूटी के स्वामी को एवं उनसे पूछताछ के आधार पर शराब परिवहन कर रहे दो आरोपियों कुल तीन आरोपियों दीपेश कुमार वर्मा उर्फ दीपक उम्र 21 साल नाथूनवागांव, लिकेश कंवर उम्र 19 साल एवं धर्मेन्द्र कंवर उम्र 20 साल दोनों निवासी ग्राम रेंगाकठेरा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया।

# काम्बिंग गश्त में गुंडा-बदमाशों की जांच

**राजनांदगांव।** पुलिस ने शहर के विभिन्न इलाकों में काम्बिंग गश्त कर गुंडा-बदमाशों एवं असामाजिक तत्वों की जांच पड़ताल की। वहीं संदिग्ध वाहनों की भी जांच की गई। इस दौरान हड़कंप मचा रहा।

नियंत्रण रखने के लिए पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव अंकिता शर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के नेतृत्व में 13 दिसंबर को व्यापक काम्बिंग गश्त एवं सघन जांच अभियान संचालित किया गया।



#### संदिग्धों की सघन जांच

काम्बिंग गश्त चौकी चिखली क्षेत्र के गौरीनगर, मोतीपुर एवं शंकरपुर, थाना बसंतपुर क्षेत्र के गंज चौक, नंदई चौक, बसंतपुर एरिया, थाना कोतवाली क्षेत्र के लखोली, थाना सोमनी में सोमनी के संवेदनशील क्षेत्र में आसामाजिक तत्वों, संदिग्ध व्यक्तियों एवं गुंडा-बदमाशों की सघन चेकिंग की गई। काम्बिंग गश्त उपरांत शहर के महावीर चौक में एमसीपी लगाकर आने-जाने वाले संदिग्ध वाहनों एवं वस्तुओं की गहन जांच की गई। जिससे असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

#### संवेदनशील चिन्हित क्षेत्र में काम्बिंग गश्त

पुलिस के इस अभियान में नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन, डीएसपी तनु प्रिया ठाकुर, डीएसपी ऑप्स एंब्रोस कुजूर, रक्षित निरीक्षक, प्रभारी साइबर सेल, थाना प्रभारी बसंतपुर, प्रभारी चौकी चिखली सहित थाना कोतवाली, बसंतपुर, चिखली, लालबाग थाना स्टाफ एवं रक्षित केंद्र के लगभग 50 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे। पुलिस बल को पांच अलग-अलग टीमों में विभाजित कर शहर के संवेदनशील एवं चिन्हित क्षेत्रों में काम्बिंग गश्त कराई गई।

# सब्जियां बिगाड़ रहा बजट ठंड में भी दाम कम नहीं

■ अधिकांश सब्जियां 100 के पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ठंड के मौसम में सब्जियों के दाम में काफी कमी रहती है, लेकिन इस वर्ष दिसंबर माह में भी सब्जियों के दाम 100 रुपए प्रति किलो के पार है। जिससे घर की रसोई का बजट बिगड़ रहा है।

बाजार में सब्जियों की अच्छी आवक बनी हुई है। इसके बावजूद इसके दामों में कमी नहीं आ रही है। आमतौर पर ठंड के दिनों में 40 से 50 रुपए किलो तक बिकने वाली सब्जियां भी 120 रुपए किलो तक बिक रही है। वहीं ठंड में 10-15 रुपए किलो बिकने वाला टमाटर भी 50 रुपए किलो में बिक रहा है।

सब्जियों के दाम कम नहीं होने का असर सीधे लोगों की थाली पर पड़ रहा है। सप्ताहभर की सब्जियों के लिए ही लगभग 1000 रुपए खर्च करने पड़ते हैं। ठंड के मौसम में सब्जियों की भरमार रहती है। जिसकी वजह से दाम कम होते हैं, लेकिन इस सीजन में सब्जियों के दाम कम होते दिखाई नहीं दे रहे हैं।



0 **राजनांदगांव।** मौसम में तब्दीली के चलते सुबह व शाम को ठंड का असर देखने को मिल रहा है। ठंड से मौसमी बीमारियों का खतरा भी बच्चों व बुजुर्गों पर अच्छा खासा पड़ने लगा है।

#### आवक बढ़ने से भी दम नहीं घटे

रविवार को शहर के मुख्य गोलबाजार में सेमी 120 रुपए किलो, ग्वार फल्ली 80 रुपए किलो, भिंडी 100 रुपए किलो, लवकी 20 रुपए किलो, मटर 50 रुपए किलो, गाजर 50 रुपए किलो, फूल गोभी 40 रुपए किलो, करेला 80 रुपए किलो, आलू 25 रुपए किलो और लगभग हर सब्जी के लिए आवश्यक प्याज 40 रुपए किलो और टमाटर 50 रुपए किलो रहा।

#### लोकल बाड़ी की सब्जी भी महंगी

शहर में लोकल बाड़ी के अलावा बाहर से भी सब्जियों की अच्छी आवक बनी हुई है। आवक अधिक होने के बाद भी सब्जियों के दामों में कमी नहीं देखी जा रही है। लोकल बाड़ी से आने वाली सब्जियां भी काफी महंगी है। सब्जी के थोक विक्रेताओं ने बताया कि बाहर से आने वाली सब्जियों के दामों को देखते हुए लोकल बाड़ी से भी रेट बढ़ा हुआ आ रहा है।

# प्रतिनिधिमंडल ने मेयर का जताया आभार

**राजनांदगांव।** जिला हॉकी संघ के प्रतिनिधि मंडल ने बीते दिनों महापौर मधुसूदन यादव के घर पहुंचकर हॉकी की नर्सरी को मिली करोड़ों की सौगात के लिए हॉकी संघ एवं जिले की जनता की तरफ से डॉ. रमन सिंह का आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधि मंडल में छग हॉकी संघ अध्यक्ष फिरोज अंसारी, जिला हॉकी संघ के सचिव शिवनारायण धकेता, वरिष्ठ हॉकी प्रशिक्षक भूषण साव, संयुक्त सचिव प्रिंस भाटिया, खेला इंडिया हॉकी कोच शकील अहमद, पदाधिकारीगण नीलम जैन, खेमराज सिन्हा, किशोर धीवर, आशीष सिन्हा, मनीष कुशल यादव, कृष्णा यादव उपस्थित रहे। प्रतिनिधि मंडल ने महापौर को फूलमाला पहनाकर, पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं मुंह मीठा करवाकर अपनी खुशी का इजहार किया और विस अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. रमन सिंह, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, खेलमंत्री अरूण साव, सांसद संतोष पांडे सहित महापौर मधुसूदन यादव को इस मांग को पूरा करने का श्रेय दिया। जिले के जनप्रतिनिधियों के संयुक्त एवं सतत प्रयासों के लिए हॉकी संघ ने आभार व्यक्त किया। जिससे जिले को खेल सुविधाओं के साथ कई सौगातें प्राप्त हो सकी है।



### गिरधरलाल बने प्रदेश सचिव

**राजनांदगांव।** गिरधरलाल निषाद को प्रदेश संगठन में सचिव के पद पर निरविरोध निर्वाचित होने पर राजनांदगांव निषाद समाज ने शुभकामनाएं दी। मीडिया प्रभारी चैनकुमार निषाद ने बताया कि राजनांदगांव निषाद समाज के प्रभाव से प्रतिष्ठित व्यक्ति गिरधरलाल निषाद के प्रदेश संगठन समाज में दोबारा सचिव बनने पर प्रदेश में राजनांदगांव निषाद समाज का प्रतिष्ठा बढ़ा है। इन्होंने छत्तीसगढ़ में समाज हित एवं समाज के विकास में विभिन्न महत्वपूर्ण कार्य करते समाज को विकास की मुख्यधारा में जोड़ने प्रयासरत है।



गिरधरलाल निषाद को प्रदेश सचिव निर्विरोध निर्वाचित होने पर राजनांदगांव निषाद समाज के जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना, मीडिया प्रभारी चैनकुमार, महासचिव टीकम, उपाध्यक्ष लोकेश, उपाध्यक्ष ईश्वर, उपाध्यक्ष सुशीला निषाद, संरक्षक हीराभाई, जिलाध्यक्ष दाताराम, सलाहकार एसआर निषाद, बसंत लारिया, मार्गदर्शक विजय, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष पद्मनी, संगठन सचिव हेमलता व ओमलता निषाद, मछुवारा समिति जिलाध्यक्ष छगन, संगठन सचिव मौजीराम व मोतीराम, अंकेक्षक हरिराम, कार्यालय सचिव चुम्मनलाल सहित जिला पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

online Booking:-www.tripuryatra.com


बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
25 शीटें शेष
राशि :- स्लीपर 20,500/-, 3 एसी-32,500/-, 2 एसी 38,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-30, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411

राजनांदगांव, कवर्धा जिलों में
आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

| | | |
|---|---|---|
| राजनांदगांव | 10 पद | योग्यता 12वीं से स्नातक |
| अंबागढ़ चौकी | 3 पद | वेतन |
| खैरागढ़ | 5 पद | 15000/- |
| कवर्धा | 5 पद | |

हरिभूमि समाचार पत्र में ऐसे युवकों की आवश्यकता है जो राजनांदगांव, अम्बागढ़ चौकी, खैरागढ़, कवर्धा क्षेत्र के शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में अखबार का प्रसार कार्य कर सके, विज्ञापन एवं खबरों का भी दायित्व निभा सकें।
जिसके पास स्वयं का वाहन हो, डोर टू डोर लक्ष्य प्राप्त करने वाले इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।
कार्य का समय - सुबह - 8 बजे से 1 बजे तक, शाम 4 बजे से 6 बजे तक
Resume Whatsapp करें
8370049468, 9098324969
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं - cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि
ब्यूरो कार्यालय : दुर्गा चौक, राजनांदगांव, मो. 9425240405, 7489534456
ब्यूरो कार्यालय : एकता चौक, कवर्धा मो. 9893605300, 8889139071
कार्यालय धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर (छत्तीसगढ़)

हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार, 15 दिसंबर 2025



# नामांतरण के बाद डायवर्सन भी होगा ऑटोमैटिक, पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

प्रदेश सरकार ने नामांतरण के बाद अब डायवर्सन की प्रक्रिया में भी बड़ा बदलाव कर दिया है। नामांतरण की तरह ही अब डायवर्सन की भी पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन कर दी गई है। अब भूमि डायवर्सन की प्रक्रिया पंद्रह दिनों के भीतर नहीं कराने पर स्वतः 16वें दिन डायवर्सन हो जाएगा। सरकार इस कदम से लंबित मामलों में कमी और राजस्व महकमे में बड़े सुधार का दावा कर रही है।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने भूमि डायवर्सन प्रक्रिया को ऑनलाइन करने का बड़ा कदम उठाया है। अब प्रदेश में किसानों और भूमि स्वामियों को एसडीएम कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। भूमि स्वामी सरकारी पोर्टल पर आवेदन करके घर बैठे ही अपने जमीनों का डायवर्सन करा सकेंगे। राजस्व विभाग ने इस नई व्यवस्था की अधिसूचना शनिवार को राजपत्र में प्रकाशित कर दी है। प्रदेश सरकार का दावा है कि इससे डायवर्सन प्रक्रिया तेज, आसान और पारदर्शी होगी, लंबित मामलों में कमी आएगी और अघोषित लेन-देन पर नियंत्रण भी सुनिश्चित होगा। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में भूमि स्वामियों के लिए यह एक बड़ा राहत कदम माना जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले प्रदेश सरकार ने नामांतरण के मामले में भी राहत देने के लिए ऑनलाइन कर दिया था। अब सीधे रजिस्ट्री के साथ ही नामांतरण की प्रक्रिया हो जाती है।

## दफ्तरों के चक्कर से मिलेगी मुक्ति, अब पंद्रह दिनों के भीतर ही हो जाएगा भूमि का डायवर्सन

### 15 दिनों में आदेश अनिवार्य

नए नियमों के तहत नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत और ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि डायवर्सन के लिए सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुज्ञा की आवश्यकता नहीं होगी। आवेदन संबंधित जिले के एसडीएम तक ऑनलाइन पहुंचेगा और एसडीएम को 15 दिनों के भीतर आदेश जारी करना अनिवार्य होगा। यदि तय समय में आदेश नहीं दिया गया, तो 16वें दिन ऑटोमेटिक सिस्टम से आदेश स्वतः मान्य हो जाएगा।



### इलाके के अनुसार दरें भी तय

राज्य सरकार ने इस बदलाव के लिए छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता-व्यपवर्तित भूमि के लिए भू-राजस्व निर्धारण एवं पुनर्निर्धारण नियम 2025 का मसौदा जारी किया है। दावा-आपत्ति के लिए 15 दिनों का समय दिया गया है। सभी आपत्तियों के निपटारे के बाद नियमों को औपचारिक रूप से लागू किया जाएगा। सरकार ने नई प्रणाली में डायवर्सन के लिए प्रीमियम दरें भी तय कर दी है, जो 3 रुपए प्रति वर्गमीटर से 25 रुपए प्रति वर्गमीटर तक होगी। ये दरें अलग-अलग क्षेत्रों और उपयोग के आधार पर तय की गई है। जिनमें नगर निगम, पालिका, नगर पंचायत, ग्रामीण क्षेत्र, आवासीय, कॉलोनी विकास, वाणिज्यिक और औद्योगिक प्रयोजन, संस्थागत एवं स्वास्थ्य सुविधाएं, विशेष आर्थिक क्षेत्र शामिल है।

## राजनीतिक संरक्षण के लग रहे आरोप, दूसरे जिलों में हो रहा एक्शन

# खरीदी केंद्रों में मिला लाखों का अवैध धान, फिर भी जिम्मेदारों पर एक्शन नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धान की सरकारी खरीदी शुरू होने के साथ ही जिला प्रशासन द्वारा पिछले एक माह में कोचियों के खिलाफ की गई ताबड़तोड़ कार्रवाई से जहां खलबली मची है। वहीं करीब आठ करोड़ रुपए का अवैध धान जब्त भी हुआ है। कोचियों द्वारा जिले के खरीदी केंद्रों में ही लाखों रूपए का अवैध धान डंप किए जाने के मामले का पर्दाफाश होने के बाद भी जिला प्रशासन द्वारा जिम्मेदारों पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। ऐसी चर्चा है कि सोसाइटियों के प्रबंधक एवं प्राधिकृत अधिकारियों की संलिप्तता भी इन मामलों में सामने आ चुकी है, परन्तु राजनैतिक संरक्षण प्राप्त होने के चलते उन पर कार्रवाई करने से प्रशासन के हाथ कंपकंपा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश शासन के निर्देश बाद सीमावर्ती जिलों में धान कोचियों के खिलाफ प्रशासन ने एक्शन मोड में अभियान शुरू कर दिया है। इस अभियान के तहत जिले में भी पौने दो सौ से अधिक प्रकरण में कार्रवाई की गई है। जिसमें पड़ोसी राज्य से लाकर धान खपाने के साथ ही खेत में फसल होने के बावजूद धान बेचते हुए मामले में कार्रवाई शामिल है। इसके अलावा समितियों के भौतिक सत्यापन में भी गड़बड़ी सामने आ चुकी है, परन्तु इन सभी मामलों में प्रशासन धान जब्त करने की कार्रवाई तो कर रहा है, परन्तु कोई ठोक एक्शन नहीं हो रहा है। कोचियों पर की जा रही कार्रवाई से किसान अच्छे खासे खुश भी हैं। यही कारण है कि वे लगातार रकबा का समर्पण भी कर रहे हैं, लेकिन रसूखदार जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई नहीं होने से वे नाराज भी हो रहे हैं।



### बड़े कोचियों पर भी कार्रवाई नहीं

पड़ोसी राज्यों से अवैध धान की तस्करी करने के मामले में राज्य शासन ने दोषियों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के निर्देश भी जारी किए हैं। जिले में सिर्फ दो कोचियों को ही जेल भेजा गया है। वहीं महासमुंद सहित कई जिलों में सोसाइटियों के प्राधिकृत अधिकारियों को भी हटा दिया गया है, लेकिन जिले में आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इधर बिलासपुर, रायगढ़ जिलों में कोचियों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है, लेकिन राजनांदगांव जिले में प्रशासन ने धान जब्ती की ही कार्रवाई कर क्लीनचिट दे दिया है।

### प्राधिकृत अधिकारी को नहीं हटाया

ज्ञात हो कि पिछले दिनों घुमका समिति के प्राधिकृत अधिकारी नोहेंद्र वर्मा के ठिकाने से धान की जब्ती की जा चुकी है। इस मामले को बीते पखवाड़ेभर का समय बीत चुका है। इसके बाद कांग्रेस विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने भी उक्त प्राधिकृत अधिकारी को हटाने की मांग की थी, लेकिन इसके बावजूद अब तक प्राधिकृत अधिकारी नोहेन्द्र वर्मा को हटाया नहीं जा सका है। ज्ञात हो नोहेंद्र वर्मा के खिलाफ इसके अलावा भी शिकायतें सामने आती रही है। लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं हो पाई।

### आधा दर्जन समितियों में मिला अतिरिक्त धान

जिले के आधा दर्जन धान खरीदी केंद्रों में भौतिक सत्यापन के दौरान गड़बड़ी सामने आ चुकी है। इनमें समितियों में धान अधिक मिलने के साथ ही बारदाना कम पाया गया था। इनमें मुड़पार, घुमका, तुमड़ीबोड़, कल्लूबंजारी और पटेवा जैसी समितियां शामिल है। इन सभी समितियों में अब तक जिम्मेदारों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। सूत्रों ने बताया कि हाल ही में जिस कोचिये पर कार्रवाई की गई है, वह मेढ़ा सोसाइटी के प्रबंधक का रिश्तेदार है।

# जिस प्रबंधक को सहकारिता ने दोषी बताया, उसे बैंक ने चेतावनी दे छोड़ा

## मुरमुंदा समिति का मामला, बैंक सीईओ पर उठ रहे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव/घुमका

करीबन दो महीने पहले जिले के घुमका ब्लॉक अंतर्गत मुरमुंदा समिति में फर्जी तरीके से खाद्य आहरण का मामला सामने आया था। किसान की शिकायत के बाद प्रशासन ने जांच के आदेश जारी किए थे। मामले में दो विभागों ने अपनी-अपनी जांच की थी। सहकारिता विभाग ने इस मामले में जिस समिति प्रबंधक को दोषी बताया था और आगे की कार्रवाई के लिए जिला सहकारी बैंक को पत्र भी लिखा था।

उसे बैंक के सीईओ ने बचाते हुए केवल चेतावनी देकर छोड़ दिया। इतना ही नहीं समिति में कार्यरत नीचे पद के कर्मचारियों को दोषी बताकर उनसे वसूली के आदेश भी जारी कर दिए। वसूली के बाद बिना किसान को सूचित किए गुपचुप तरीके से उसके खाते में रकम भी जमा करा दी गई। ऐसे में इस पूरे मामले में जिला सहकारी बैंक के सीईओ की भूमिका संदिग्ध हो गई है। जिसकी शिकायत भी जल्द ही जिला कलेक्टर से किए जाने की तैयारी कर ली गई है। उल्लेखनीय है कि मुरमुंदा सोसाइटी अंतर्गत किसान भूषण नवरंगे ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके खाते से फर्जी तरीके से खाद का आहरण कर लिया गया है। जिसकी लिखित शिकायत तत्कालीन कलेक्टर से किए जाने के बाद जांच के आदेश भी जारी हुए थे। जांच करने के लिए सहकारिता विभाग एवं जिला सहकारी ग्रामीण बैंक ने अपनी-अपनी टीम भी बनाई थी। दोनों ही टीम की जांच रिपोर्ट सामने आ गई है, लेकिन दोनों में बड़ा अंतर देखने को मिल रहा है।




### बैंक ने दूसरे को बताया दोषी

सहकारिता विभाग द्वारा कड़ी कार्रवाई के पत्र लिखने के बावजूद जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के सीईओ ने समिति प्रबंधक अदित्य तिवारी को भविष्य में ऐसी गलती नहीं करने की चेतावनी देकर छोड़ दिया। वहीं सहकारिता की जांच में जो लोग दोषी भी नहीं पाए गए, भृत्य रवि बंजारे एवं चौकीदार किशोर उमरे को दोषी बताकर उनको किसान के खाते में रकम जमा करने का आदेश जारी कर दिया। वहीं गुपचुप तरीके से इन दोनों के खाते से 16500 रुपए की राशि भी किसान के खाते में जमा कर दी गई है।

### ऐसे की थी गड़बड़ी

किसान भूषण नवरंगे ने बताया कि उनके खाते में बिना उनको सूचित किए ही खाद चढ़ा दिया गया था। जब उन्होंने इस बात की शिकायत की तो मामला सामने आया कि मुरमुंदा समिति द्वारा बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार ऐसे किया जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार समिति में रबी सीजन के खाद का वितरण शुरू होने से पहले ही कई किसानों के खाते में खाद वितरण की जानकारी चढ़ा दी गई थी।

### सहकारिता ने माना दोषी

कार्यालय उप आयुक्त सहकारिता राजनांदगांव द्वारा 12 नवंबर को सीईओ जिला सहकारी केंद्रीय बैंक को एक पत्र लिखा गया। इस पत्र में कहा गया कि प्रार्थी भूषण नवरंगे को बिना सूचित किए साढ़े 16 हजार रुपए का खाद खाते में चढ़ा दिया गया। इस मामले की जांच में समिति प्रबंधक अदित्य तिवारी एवं संतोष चतुर्वेदी व भारत यादव संयुक्त रूप से जिम्मेदार हैं। ऐसे में राशि की वसूली कर किसान को वापस करने के साथ ही दोषी कर्मचारियों के खिलाफ सेवानियम 2018 के अनुसार सेवा से बर्खास्त की कार्रवाई की जाए, लेकिन जिला सहकारी बैंक ने ऐसा नहीं किया।

## सांसद खेल महोत्सव के तहत आयोजन

# अखिल भारतीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

देशभर में आयोजित हो रहे सांसद खेल महोत्सव के तहत राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के अलग-अलग जगह पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। वहीं अब लोकसभा स्तरीय आयोजन के तहत जिले के डोंगरगांव में अखिल भारतीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें देशभर की 8 टीम शामिल होगी। इस प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर सांसद संतोष पांडे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते बताया कि आगामी 17 से 24 दिसंबर तक इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के पंडरिया में कबड्डी, कवर्धा में खो-खो, खैरागढ़ में क्रिकेट, राजनांदगांव में हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हो चुका है। वहीं मोहला-मानपुर में अन्य खेल और लोकसभा स्तर पर डोंगरगांव में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन होगा।

### अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी होंगे शामिल

प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि डोंगरगांव में आयोजित अखिल भारतीय फुटबॉल स्पर्धा में जम्मू कश्मीर, झारखंड, जबलपुर, हैदराबाद, अकोला, कोंडागांव और मध्यप्रदेश से नीमच सिटी क्लब आएगी। प्रतियोगिता में देशभर के कई ख्याति प्राप्त अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी भी शामिल होंगे।

### प्रधानमंत्री करेंगे वर्चुअल समापन

लोकसभा स्तर पर आयोजित इस प्रतियोगिता का शुभारंभ विधानसभा अध्यक्ष के मुख्य आतिथ्य में 17 दिसंबर को होगा। वहीं समापन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महोत्सव का वर्चुअल समापन करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री अरूण साव, विजय शर्मा, पवन साय, गजेंद्र यादव सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि शामिल होंगे।

### खिलाड़ियों का होगा सम्मान

फुटबॉल प्रतियोगिता के आयोजन अवसर पर प्रदेश के खिलाड़ियों का सम्मान भी होगा। वहीं सोशल मीडिया रील कंपटीशन का आयोजन भी किया जाएगा। जिसमें 11 हजार 11 सौ 11 रुपए का पुरस्कार भी दिया जाएगा। प्रेस कान्फ्रेंस के अवसर पर सांसद संतोष पांडे, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, मीडिया प्रभारी अमर लालवानी, अंजू त्रिपाठी, सागर वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

# घर से नकदी सहित आभूषण चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

घर में प्रवेश कर अज्ञात चोरों ने अलमारी में रखे नगदी रकम एवं आभूषण की चोरी कर ली। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मुक्तागिरी कालोनी के एक मकान में अज्ञात चोर प्रवेश कर आलमारी में रखे नगदी रकम 50,000 रुपए तथा दो जोड़ी चांदी की पायल व बिछिया, एक जोड़ी सोने का टॉप्स की चोरी कर ली। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# 9 डिग्री पर पहुंचा रात का तापमान, अब मिलेगी राहत!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



प्रदेशभर में पिछले एक सप्ताह से जारी ठंड के कहर से राहत मिलने की संभावना मौसम विभाग ने जताई है। मौसम विभाग के अनुसार अगले चार दिनों में तापमान दो से तीन डिग्री तक चढ़ सकता है। ज्ञात हो कि जिले का न्यूनतम तापमान अभी 9 डिग्री पर पहुंच गया है। जिसके चलते अंचल में शीतलहर के भी हालात निर्मित है

दरअसल पिछले कुछ दिनों में ठंड बढ़ी है। 7 शहरों में तापमान दस डिग्री से नीचे पहुंच गया है। जिनमें मैनपाट, अंबिकापुर, पेंड्रा और जगदलपुर, बिलासपुर, दुर्ग और राजनांदगांव शामिल है। हालांकि अब अगले 3 दिनों में न्यूनतम तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हो सकती है। वहीं प्रदेश में शीत लहरकी स्थिति कमजोर पड़ने की संभावना जताई गई है। हालांकि प्रदेश के उत्तर और मध्य क्षेत्र में कड़ाके की ठंड जारी है।



**प्रदर्शन: ग्रामीण किसानों ने शासन प्रशासन से समाधान की मांग की**

# रेंगाखार कला में धान खरीदी पंजीयन में गड़बड़ी पर किसानों ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶रेंगाखार जंगल

धान उपार्जन पंजीयन में भारी अनियमितताओं को लेकर रेंगाखार एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों में गहरा आक्रोश देखने को मिला। बड़ी संख्या में ऐसे किसान हैं, जिनका धान पंजीयन पूरी तरह से छुट गया है, वहीं कई किसानों के कृषि रकबे को आधा या गलत दर्शाया जा रहा है। स्थिति यह है कि लगभग 50 प्रतिशत किसानों का अब तक पंजीयन नहीं हो पाया है, जिससे उनकी आजीविका पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। जिस पर ग्रामीण किसानों का आरोप है कि वे बीते कई महीनों से तहसील कार्यालय और संबंधित सहकारी समितियों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उनकी समस्याओं का कोई ठोस समाधान नहीं किया जा रहा है। वहीं सोसायटी स्तर पर किसानों को केवल गोल-मोल जवाब देकर टाल दिया जा रहा है, जिससे किसानों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है।

इन्हीं समस्याओं को लेकर गुरुवार को ग्रामीण किसानों ने रेंगाखार कला में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करते हुए मुख्य मार्ग पर चक्का जाम किया। धरना-प्रदर्शन के दौरान किसानों ने शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए धान पंजीयन की गड़बड़ियों को तत्काल सुधारने और सभी पात्र किसानों का पंजीयन सुनिश्चित करने की मांग की। इस धरना सभा को दिनेश चंद्रवंशी, श्रीमती अदिति कश्यप, अमर सिंह खुसरे, कमल नेताम, नेकलाल मेरावी, महेन्द्र पटले, गजराज टेकाम एवं लखन सिंह चौधरी ने संबोधित करते हुए कहा कि यदि तय समय-सीमा के भीतर किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

**एग्री स्टेक पोर्टल खुलने पर पंजीयन में सुधार कर प्रक्रिया को पूर्ण किया जाएगा**



धरना स्थल पर किसानों की समस्याएं सुनने तहसीलदार अखिलेश ध्रुव, थाना प्रभारी रेंगाखार तथा वन परिक्षेत्र के अधिकारी मौके पर पहुंचे। किसानों से संवाद करते हुए तहसीलदार ने बताया कि शासन द्वारा लागू किए गए नए एग्री स्टेक ऐप के कारण तकनीकी समस्याएं सामने आ रही हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि 15 दिसंबर, सोमवार तक एग्री स्टेक पोर्टल खुलने पर पंजीयन में सुधार कर प्रक्रिया को पूर्ण करने का प्रयास किया जाएगा। धरना प्रदर्शन में रेंगाखार सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण किसान उपस्थित थें। किसानों ने स्पष्ट किया कि धान पंजीयन उनके जीवन और आर्थिक सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा है, इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अब सभी की निगाहें प्रशासन के आश्वासन पर टिकी हैं कि तय तिथि तक किसानों को राहत मिलती है या फिर आंदोलन और व्यापक रूप लेता है।

## ऐसा कोई सगा नहीं जिसे भाजपा सरकार ने अपने दो साल के कार्यकाल में ठगा नहीं: नवीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया



जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने भाजपा सरकार के दो वर्षों के कार्यकाल को पूरी तरह विफल बताते हुए कहा कि आज छत्तीसगढ़ की जनता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है। वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने मोदी की गारंटी के नाम पर जो बड़े-बड़े वादे किए थे, दो साल बीत जाने के बाद भी वे सभी घोषणाएं धरातल पर दिखाई नहीं देतीं। मोदी की गारंटी छत्तीसगढ़ में पूरी तरह फेल साबित हुई है।

नवीन जायसवाल ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ के जल, जंगल और जमीन को बड़े उद्योगपतियों के हाथों सौंपने में लगी है। हसदेव तमानार रायगढ़ जैसे बड़े जंगलों में लाखों पेड़ों की कटाई की जा रही है। आदिवासियों के अधिकार छीने जा रहे हैं और उनकी जमीन उद्योगपतियों को दी जा रही है। भाजपा सरकार अडानी-अंबानी जैसे बड़े पूंजीपतियों की गुलाम बन चुकी है। किसानों की हालत पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि किसान खाद और बीज के लिए दर-दर भटक रहे हैं। बिजली कटौती की मार किसानों को सबसे ज्यादा झेलनी पड़ रही है। धान खरीदी के दौरान भारी अव्यवस्थाएं हैं, जिससे किसानों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिले के दोनों शक्कर कारखाना के गन्ना किसानों की स्थिति और भी खराब है, गन्ना बेचने के बाद भी कई-कई महीनों तक भुगतान नहीं हो पाता, जिससे किसान गंभीर आर्थिक संकट में फंस रहे हैं। कबीरधाम जिला गृह मंत्री विजय शर्मा का गृह जिला होने के बावजूद यहां अपराध रुकने का नाम नहीं ले रहा है। पिछले दो वर्षों में अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियां चोरी और खंडित की जा रही हैं। भगवान की मूर्तियों तक को नहीं छोड़ा जा रहा। वहीं कबीर साहब के पोस्टर फाड़ने जैसी घटनाएं भी सामने आई हैं, और पोस्टर फाड़ने वाला व्यक्ति स्वयं भाजपा का बड़े नेता है विजय शर्मा के करीबी है जो समाज में अशांति फैलाने का काम किया है।

**जिले में लूट, बलात्कार व मर्डर आम बात हो गई है और छत्तीसगढ़ अपराध का गढ़ बन चुका है: जायसवाल**

शिक्षा व्यवस्था पर चिंता जताते हुए श्री जायसवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में शिक्षा का स्तर लगातार गिरता जा रहा है। कहीं शिक्षकों की भारी कमी है तो कहीं छात्राओं को समय पर किताबें नहीं मिल पा रही हैं। शिक्षक भर्ती सहित विभिन्न मांगों को लेकर छात्र और शिक्षक धरने पर बैठे चुके है। युवाओं को रोजगार के नाम पर केवल धोखा मिला है। हाल ही में निकली पुलिस भर्ती में अभ्यर्थियों द्वारा भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। सरकार द्वारा शिक्षकों की भर्ती का वादा भी अब तक पूरा नहीं हुआ, यह भी मोदी की गारंटी की असफलता है। उन्होंने कहा कि 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने का वादा भी अब तक पूरा नहीं किया गया। बिजली बिलों में बेतहाशा वृद्धि से किसान, गरीब और मध्यम वर्ग सबसे ज्यादा परेशान हैं। महतारी वंदन योजना में 1000 रुपए देने की बात तो की जाती है, लेकिन बिजली बिल के नाम पर 1000 से 5000 रुपए और कहीं-कहीं उससे भी अधिक राशि वसूल कर जनता की जेब पर सीधा डाका डाला जा रहा है। उन्होने कहा कि पूरे जिले सड़कों का हाल बेहाल है पंडरिया से कवर्धा जाओ तो सड़क खराब पंडरिया से मुंगेली जाओ तो सड़क खराब है, स्थानीय विधायक के द्वारा दो साल से सड़क के नाम पर सिर्फ आश्वासन दिया जा रहा है। गांव-गांव में सड़कें जर्जर हो चुकी हैं, यह समझना मुश्किल हो गया है कि सड़क में गड्ढे हैं या गड्ढों में सड़क। पंचायतों के पास न तो विकास कार्यो के लिए काम है और न ही पर्याप्त फंड। जनप्रतिनिधि भी सरकार की उपेक्षा से परेशान हैं। अंत में नवीन जायसवाल ने कहा कि भाजपा सरकार केवल अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं को खुश रखने में लगी हुई है, जबकि छत्तीसगढ़ की जनता किसान, युवा, महिला और आम नागरिक आज सबसे ज्यादा परेशान है। जनता अब भाजपा सरकार की सच्चाई समझ चुकी है और आने वाले समय में इसका जवाब देगी।

**खबर संक्षेप**

### जिला मिडिया प्रभारी बने विनोद जायसवाल



**हरिभूमि पंडरिया।** जिला किसान कांग्रेस कमेटी कवर्धा का पदाधिकारीयों का गठन किया गया, जिसमे ग्राम मड़मड़ा निवासी विनोद जायसवाल को जिला मिडिया प्रभारी के पद पर नियुक्त किया गया। जिला मिडिया प्रभारी बनाए जाने पर समर्थक एव सभी लोगो मे हर्ष है और विनोद जायसवाल को बधाई शुभकामनाएं दी। मिली जानकारी के अनुसार विनोद जायसवाल की कार्यशैली, निष्ठा, पार्टी के लिए निःस्वार्थ सेवा ईमानदारी को देखते हुए यह दायित्व दिया गया, विनोद जायसवाल लगातार कई वर्षो से पार्टी की सेवा और जनता की समस्या का आवाज बनकर लोगों के सामने आये है, जनता की समस्या को सोशल मिडिया के माध्यम से सरकार तक पंहुचा कर जनता और पार्टी की सेवा किया है। विनोद जायसवाल कांग्रेस पार्टी के साथ-साथ अपने जायसवाल समाज के विभिन्न पदों पर रहकर अपना विभिन्न दायित्व को शुद्ध अंतःकरण से निर्वहन किया है। विनोद जायसवाल ने कहा की पार्टी ने मुझ पर जो जिला का इतना बड़ा दायित्व और विश्वास जताया है मैं उस पर खरा उतरने की कोशिश करूंगा और पार्टी की सेवा मे जीवन समर्पित कर दूंगा। प्रदेश अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष रवि चन्द्रवंशी का आभार व्यक्त किया।

### कवर्धा में 17 दिसंबर को पेंशनर्स डे का आयोजन

**हरिभूमि कवर्धा।** जिला कबीरधाम के समस्त राज्य शासन पेंशनरों के लिए प्रतिवर्षानुसार पेंशनर्स डे का आयोजन 17 दिसंबर को दोपहर 2 बजे ठाकुर समाज के शौर्य भवन, कवर्धा में किया जाएगा। कार्यक्रम में पेंशनरों से जुड़ी लंबित मांगों पर चर्चा की जाएगी तथा उनकी समस्याओं को सुना जाएगा। आयोजकों ने अधिक से अधिक संख्या में पेंशनरों से उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। उक्त जानकारी संयोजक इंजीनियर एसएस जैन, जिला पेंशनर प्रकोष्ठ, सीनियर सिटीजन समिति कवर्धा ने दी।

### बैगा समुदाय को गर्म कपड़ा वितरित किया

**हरिभूमि कवर्धा।** विश्व मानवाधिकार दिवस 10 दिसंबर और छत्तीसगढ़ के प्रथम वीर स्वतंत्रता सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ मानवाधिकार ब्यूरो जिला कबीरधाम व सत्यमेव जयते जनकल्याण समिति कवर्धा द्वारा सुंदूर वनांचल क्षेत्र में जरूरतमंद परिवारों की सहायता की गई।

# प्रधानमंत्री सड़क की बदहाली से बढ़ा खतरा

**गन्ना से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां रोज हो रहीं दुर्घटना के शिकार**



हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर

क्षेत्र की प्रधानमंत्री सड़क पर चौड़ीकरण और शोल्डर की नियमित साफ-सफाई नहीं होने के कारण सड़क अत्यंत जर्जर हो चुकी है। जगह-जगह गड्ढे और संकरे मोड़ों के चलते गन्ना से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां आए दिन पलट रही हैं, जिससे किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर ट्रैक्टर पलटने से लंबी कतार लग रही है और यातायात घंटों बाधित हो रहा है। इन दिनों ग्रामीण क्षेत्रों में गन्ना कटाई का कार्य जोरों पर है। किसान अपनी उपज ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में भरकर भोरमदेव शक्कर कारखाना पहुंचाने के लिए मजबूर हैं, लेकिन हरिनछपरा चौक से नाऊडीह, दौजरी, जेवडन, खुर्द, बाझीमहुआ मार्ग की पीएम सड़क की हालत बेहद खराब हो चुकी है। चौड़ीकरण के अभाव, शोल्डर किनारों पर झाड़ और गड्ढों के कारण सड़क कई स्थानों पर संकरी हो गई है, जिससे हादसों का खतरा लगातार बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि कई किसानों की ट्रैक्टर-ट्रॉलियां कारखाना पहुंचने से पहले ही सड़क पर पलट चुकी हैं। इससे न केवल गन्ना बिखर जाता है, बल्कि किसानों को दोबारा मेहनत और अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ रहा है। जान जोखिम में डालकर किसान गन्ना परिवहन करने को विवश हैं। ग्राम नाऊडीह दौजरी, जेवडन, बांझीमौहा, सारंगपुर, खुर्द, चरडोगरी, बटुराकछार और बिजई के किसानों ने प्रशासन से पीएम सड़क के शीघ्र चौड़ीकरण और शोल्डर की साफ-सफाई की मांग की है। ग्रामीण किसानों का कहना है कि यदि सड़क की मरम्मत, चौड़ीकरण और किनारों की सफाई कर दी जाए तो किसानों के साथ-साथ आम राहगीरों को भी राहत मिलेगी और दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकेगा। चौड़ीकरण नहीं होने की स्थिति में यह सड़क किसानों और राहगीरों के लिए लगातार खतरा बनी रहेगी।

**वृद्धजनों के बीच कंबल वितरण, सांसद प्रतिनिधि नरेश साहू ने निभाई सामाजिक जिम्मेदारी**



**हरिभूमि कवर्धा।** सांसद प्रतिनिधि एवं ग्राम पंचायत अतरिया के सरपंच नरेश साहू ने सामाजिक सरोकार का परिचय देते हुए स्थानीय वृद्धा आश्रम में निवासरत बुजुर्गो के बीच कंबल का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गो की सेवा करना हम सभी का नैतिक दायित्व है। कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान वृद्धजनों के चेहरे पर खुशी और संतोष साफ झलक रहा था। नरेश साहू ने बुजुर्गो से संवाद करते हुए उनके स्वास्थ्य एवं सुविधाओं की जानकारी ली और हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि ठंड के मौसम में बुजुर्गों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए पंचायत स्तर पर निरंतर प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर आश्रम प्रबंधन एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थें।

## ग्राम रेगाबोड़ में भाजपा मण्डल कुण्डा के वरिष्ठों ने बेलर मशीन का किया शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुण्डा

ग्राम रेगाबोड़ में भाजपा के वरिष्ठजनों के करकमलों से बेलर मशीन की भव्य शुभारंभ की गई। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जिले में 2 बेलर मशीन उपलब्ध कराया गया जो फसल कटाई के बाद खेत-खलिहान कटाई शेष पलारी को गांठों में बदलने का कार्य करती है, शनिवार को गौ सेवा आयोग जिला एवं ब्लॉक समिति के मांग पर छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग अध्यक्ष विशेषर पटेल की पहल पर जिले 2 बेलर मशीन उपलब्ध कराया गया है। पूर्व मण्डल अध्यक्ष रामस्वरूप साहू ने कहा बेलर मशीन से किसानों द्वारा पलारी को जलाने से गौ माता के चारे का नुकसान होता था उसकी बचत होगा पलारी जलने से होने वाले प्रदूषण और उपजाऊ मिट्टी की सख्त होने की समस्या की रोकथाम होगी जिसे पर्यावरण में शुद्धता होगी। जिसका शुभारंभ जिला मंत्री ओम यदु, बालमुकुंद चंद्रवंशी, वरिष्ठजन रामकुमार चंद्राकर, रामस्वरूप साहू, संतोष चंद्रवंशी के करकमलों से जिला गौ सेवा समिति अध्यक्ष सुखचंद चंद्रवंशी, सदस्य मनोज ठाकुर, ब्लॉक अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, सदस्य गणेश यादव के उपस्थिति में विधिवत पूजा अर्चना एवं श्रीफल फोड़कर किया गया। कार्यक्रम में दीनबंधु चंद्राकर, बसंत शर्मा, नरेश ठाकुर, राजेश चंद्राकर, जेठू निर्मलकर, सूरज यादव, दुर्गेश चंद्राकर सहित कृषकगण उपस्थित थें।

**बेलर मशीन एक कृषि और औद्योगिक उपकरण है: सुखचंद चंद्रवंशी**

जिला गौ सेवा समिति अध्यक्ष सुखचंद चंद्रवंशी ने बताया बेलर मशीन एक कृषि और औद्योगिक मशीन है जो घास पुआल कपास कचरे जैसी सामग्री को कॉम्पैक्ट गांठों में दबाकर बांधती है, जिसे उसे संभालना परिवहन करना और संग्रहित करना आसान हो जाता है और ये पराली जलाने की समस्या को कम करके किसानों को आय कमाने की मदद करती है। उन्होंने कहा इस मशीन कार्य से समय श्रम और जगह की बचत होती है।

**खेत में आग की खतरा कम हो जाती है: नंदकिशोर यादव**

गौ सेवा आयोग के ब्लॉक समिति पंडरिया के अध्यक्ष ने बताया कि खेत में पड़े फसल के अवशेषों को गांठ-बांध कर परिवहन करने से पलारी को जलाना नहीं पड़ता, जिसे खेत में लगे गन्ने एवं अन्य फसलों में आगजनी होने की खतरा भी नहीं रहता है किसानों को रवि फसल के लिए कृषि कार्य में पर्याप्त समय मिल जाता है जिससे कृषकों का समय एवं मेहनत में बचत हो जाता है।

**पशुओं के चारे और बायोफ्यूल के लिए इस्तेमाल होता है: मनोज ठाकुर**

फसल कटाई के बाद बचे पलारी और घासों को गांठ में बदलना जो पशुओं के चारे एवं बायोफ्यूल के लिए इस्तेमाल किया जाता है एवं कागज प्लास्टिक डिब्बे के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।

**10 माह से कम कार्यकाल में सरपंच का मानवीय पहल बनी चर्चा का विषय**



**हरिभूमि बोड़ला।** विकासखण्ड बोड़ला अंतर्गत ग्राम पंचायत मड़मड़ा की सरपंच श्रीमती दीपिका पप्पू ठाकुर ने अपने अल्प कार्यकाल में यह सिद्ध कर दिया है कि जनप्रतिनिधि होना केवल पद धारण करना नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाना भी है। शपथ ग्रहण समारोह के समय उन्होंने ग्रामवासियों के समक्ष यह बात कही थी कि वे अपने कार्यकाल में दुख और शिक्षा जैसे संवेदनशील विषयों पर व्यक्तिगत स्तर पर जिम्मेदारी निभाएंगी। आज उनके 10 माह से भी कम कार्यकाल में यह कथन केवल शब्दों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि व्यवहार में उतरता हुआ दिखाई दे रहा है। पिछले कुछ महीनों में ग्राम पंचायत मड़मड़ा के कई परिवारों को अपने किसी प्रियजन को खोने का गहरा दुख सहना पड़ा। किसी परिवार ने घर का मुखिया खोया, तो किसी ने परिवार का कमाने वाला सदस्य। ऐसे समय में परिवार पर भावनात्मक के साथ-साथ आर्थिक संकट भी आ जाता है। अंतिम संस्कार, धार्मिक क्रियाकर्म और आवश्यक खर्च एक साथ सामने आ जाते हैं, जिससे साधारण ग्रामीण परिवार बुरी तरह प्रभावित होता है इन परिस्थितियों को समझते हुए सरपंच श्रीमती दीपिका ठाकुर ने पंचायत निधि का उपयोग किए बिना, अपने निजी पैसों से मृतक परिवारों को आर्थिक सहायता देने का निर्णय लिया। अब तक उनके द्वारा 25 से अधिक मृतक परिवारों को 5,000-5,000 की सहायता राशि प्रदान की जा चुकी है। ग्रामीणों का कहना है कि यह सहायता किसी योजना, फाइल या औपचारिक प्रक्रिया के अंतर्गत नहीं, बल्कि मानवीय संवेदना और व्यक्तिगत संकल्प से दी गई है। दुख की घड़ी में मिला यह सहयोग पीड़ित परिवारों के लिए बड़ा संबल साबित हुआ है।

**जयंती पर्व की तैयारी में जुटे सतनाम पंथ के अनुयायी**

# 18 से 31 दिसंबर तक गूंजेगा गुरु घासीदास का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर

सत्य के प्रेरणा और छत्तीसगढ़ का प्रकाश गुरु घासीदास की जयंती पर शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में गुरु पर्व की तैयारियां सतनाम पंथ के अनुयायियों द्वारा शुरू कर दिए हैं। सतनाम पंथ समिति के अध्यक्ष विजय कोशले ने बताया कि सतनाम समाज द्वारा गुरुद्वारा, जैतखाम व आसपास की साफ सफाई के साथ पंथी नृत्य की तैयारी गुरुद्वारा परिसर पर किया जा रहा है। सतनाम समाज के लोगों द्वारा 18 से 31 दिसंबर तक दिनभर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमे चौका मंगल आरती और पंथी नृत्य की धूम रहेगी।

इन दिनों गांव में स्थित जैतखाम के आसपास रंगरोगन के साथ पंथी नृत्य जोर शोर से चल रहा है। गुरु घासीदास बाबा की जयंती को लेकर सतनामी समाज में खासा उत्साह है। ग्राम बरबसपुर, सिंघनपुरी, डबराभाट, घुकसा, जेवडन खुर्द, बाझीमौहा, हरिनछपरा, राम्हेपुर चंदनपुर, प्रभाटोला, रंहगी, बुधवारा, नेवारी खुटू, मरपा, जमुनिया, बिजई व सोनबरसा सहित जिले के गांवों में स्थित गुरुद्वारा जैतखाम के आसपास साफ सफाई तथा रंग-रोगन शुरु हो गई है। गुरु बाबा घासीदास जयंती के दिन कवर्धा शहर व ग्रामीण अंचलों में सतनाम समाज बाहुल्य वार्डो में पंथी नृत्य के साथ सतनाम शोभायात्रा निकाले जाएंगे। गुरुद्वारा और सत्य व अहिंसा के प्रतीक जैतखाम में श्वेत का पालो चढ़ाया जाएगा, इसकी तैयारी राज महन्त भंडारी साटीदार पंडित साधु संत एवं सतनाम समाज के अनुयायियों द्वारा चल रही है। सभी सतनाम समाज के लोग एकत्रित होंगे और बाबा गुरु घासीदास के अमरवाणी मनखे-मनखे एक समान का संदेशों तथा सादा जीवन उच्च विचार के उद्देश्य को जन-जन पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

**साक्षर परीक्षा महाभियान का आयोजन किया गया**



**हरिभूमि कोलेगांव।** राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता महा परीक्षा अभियान का आयोजन पूरे राज्य में गत दिनों 07 दिसंबर को आयोजित किया गया है। इस परीक्षा में ऐसे शिक्षार्थी या असाक्षर शामिल हो सकते हैं जिनकी उम्र 15 वर्ष से अधिक हो एवं जो किसी कारणवश शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह गए हैं, ऐसे ग्राम एवं वार्ड में निवासरत परीक्षार्थी को 6 महीने तक प्रत्येक दिन दो-दो घंटे का कक्षा संचालित किया जाता है जिसमे उन्हें पढ़ना-लिखना एवं अंक ज्ञान का शिक्षा दिया जाता है। इस तरह 200 घंटे कंप्लीट हो जाने के बाद उन्हें साक्षरता महा परीक्षा अभियान में शामिल कर पूर्ण साक्षर बनाए जाने का लक्ष्य रखा जाता हैं। इस बार परीक्षा महाभियान गत दिनों 7 दिसंबर को आयोजित किया गया है। जिसके अंतर्गत छत्तीसगढ़ के जिला कबीरधाम को 37904 का लक्ष्य दिया गया है। जिसमें विकासखंड पंडरिया को 11302 शिक्षार्थियों को परीक्षा में शामिल करके उन्हें साक्षर बनाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। यह परीक्षा प्रत्येक ग्राम पंचायत के शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला में आयोजित होता है। दिशा निर्देश अनुसार विकास खंड के 100 ग्राम पंचायतो में यह परीक्षा महाभियान आयोजित की गई। समस्त स्वयंसेवी शिक्षको द्वारा अपने पंचायत में निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति हेतु सर्वे किए गए सम्पूर्ण शिक्षार्थियों को इस परीक्षा महा अभियान में शामिल करके उन्हें साक्षर बनाए जाने का दृढ़ निश्चय के साथ पूर्ण तैयारी किए। इस हेतु कार्यालय बीईओ पंडरिया से विकासखंड के चयनित 100 ग्राम पंचायतों के लिए अंक तालिका-उपस्थिति पत्रक एवं शिक्षार्थियों के पंजीयन प्रपत्र प्राप्त किया गया। इस मिशन के सचिव विकासखंड शिक्षा अधिकारी एमके गुप्ता, विकासखंड परियोजना अधिकारी एसपी डड़सेना एवं साक्षरता प्रभारी प्रशांत कुमार अहिरवार द्वारा परीक्षा में अभियान का सफल संचालन हेतु समस्त दिशा निर्देश दिया गया। इस परीक्षा अभियान में 11302 शिक्षार्थी को परीक्षा में शामिल करने हेतु प्रश्न पुस्तिका वितरण किया गया था, जिसमें से इस परीक्षा में विकासखंड पंडरिया से 6775 महिला एवं 3577 पुरुष कुल 10352 शिक्षार्थी इस परीक्षा महाभियान में शामिल हुए।

## अनदेखी: नहीं थम रही गन्ना परिवहन करने वालों की लापरवाही, कार्रवाई शून्य

# ओवरलोड गन्ना लदी ट्रैक्टर टाली खाई में गिरी, मौके पर हुई चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में इन दिनो गन्ना पेराई और परिवहन का कार्य जोरों से चल रहा है। किसानो द्वारा मुख्य रूप से ट्रैक्टर ट्राली के माध्यम से गन्ना की खेप जिले में संचालित सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना तथा जिलेभर में संचालित निजी गुड़ फैक्ट्रियों में पहुंचाई जा रही।

लेकिन गन्ना परिवहन के इस कार्य में कुछ किसानो द्वारा जमकर लापरवाही बरती जा रही है जिसके चलते आए दिन जिले में गन्ना से भरे ट्रैक्टर ट्राली दुर्घटना का शिकार होने की खबरें सामने आ रही है। हैरानी की बात यह है कि इन दुर्घटनाओं को न तो परिवहन विभाग गंभीरता से ले रहा है और न ही प्रशासन व पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही की जा रही है। ऐसी ही लापरवाही का मामला रविवार को जिले के पिपरिया थाना क्षेत्र से सामने आया है जहां ट्रैक्टर ट्राली से गन्ना परिवहन कर रहे एक वाहन चालक की ट्रैक्टर ट्राली पलट जाने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की दोपहर ग्राम गांगपुर निवासी ट्रैक्टर ट्राली चालक देविचंद साहू पिता गणपत साहू उम्र 28 वर्ष गन्ना की खेप ग्राम दरगवां से लेकर भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना जा रहा था। बताया जाता है कि इसी दौरान मार्ग में सकरी नदी के पास उसकी ओव्हर लोड ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। इस दुर्घटना में ट्रैक्टर चालक कई क्विंटल गन्ना और ट्राली के नीचे दब गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद लोगों ने इसकी जानकारी पिपरिया पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है और घटना की जांच कर रही है।



### बेरोकटोक जारी है ओव्हर लोड परिवहन

यहां बताना लाजिमी होगा की परिवहन विभाग और प्रशासन की नाक के नीचे कुछ लोगों द्वारा ट्रैक्टर ट्राली में ओव्हर लोड गन्ना भरकर परिवहन किया जा रहा है। जिससे हादसों की संभावना बढ़ जाती है। जिसका शिकार स्वंय ट्रैक्टर ट्राली चालक तो हो ही रहे हैं साथ ही दूसरे लोगों के लिए समस्या खड़ी कर रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि यह सब देखते हुए परिवहन विभाग तथा प्रशासन इनके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है।

### दो-दो ट्रांलियों में एक साथ किया जा रहा परिवहन

इसे परिवहन विभाग और प्रशासन की अनदेखी और कार्यवाही का आभाव ही कहें की कुछ लोग तो एक ट्रैक्टर में दो-दो ट्रालियां फंसा कर और उनमें ओव्हर लोड गन्ना भरकर जिले की सड़कों में फर्राटे भर रहे हैं। बताया जाता है इस तरह से नियम कायदों की धज्जियां उड़ाते हुए कई गन्ना परिवहन करने वाले वाहन हर रोज जिले के विभिन्न थानो के सामने से होकर गुजर रहें है लेकिन इन्हें देखकर भी अनदेखा किया जा रहा है जो लोगों के लिए जीवलेवा साबित हो रही है।

# धान विक्रय प्रक्रिया हुई सरल, अब दिन-रात कभी भी मिलेगा तुहर टोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रदेश के किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तूहर टोकन ऐप को अब 24x7 खोल दिया गया है। अब मोबाइल एप से टोकन काटने के लिए किसी निर्धारित समय की बाध्यता नहीं रहेगी। किसान दिन-रात किसी भी समय अपनी सुविधा के अनुसार टोकन बुक कर सकेंगे। अब किसान 13 जनवरी तक अगले 20 दिनों तक के लिए टोकन ले सकते हैं। इससे किसानों को धान विक्रय की योजना बनाने और टोकन प्राप्त करने में पर्याप्त समय मिलेगा तथा भीड़ और तकनीकी दबाव की समस्या से राहत मिलेगी। इसके साथ ही राज्य सरकार द्वारा 2 एकड़ एवं 2 एकड़ से कम रकबा वाले किसान अब 31 जनवरी तक तूहर टोकन ऐप से टोकन ले सकेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर लघु किसानों के लिए यह सुविधा मुहैया कराई गई है। उल्लेखनीय है कि टोकन प्रत्येक सहकारी समिति को आबंटित सीमा के भीतर ही जारी किए जाएंगे। किसानों से आग्रह है कि वे समय रहते तूहर टोकन ऐप के माध्यम से टोकन प्राप्त करें और किसी भी असुविधा से बचें। इस संबंध में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि किसानों की सुविधा और पारदर्शी व्यवस्था हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। तूहर टोकन ऐप को खोलने और समय की बाध्यता समाप्त करने का निर्णय इसी सोच का परिणाम है। अब किसान बिना किसी दबाव के, अपनी सुविधा अनुसार टोकन बुक कर सकेंगे। 2 एकड़ एवं 2 एकड़ से कम रकबा वाले किसानों के लिये टोकन की अतिरिक्त समय सीमा और अवधि का विस्तार किसानों को वास्तविक राहत देगा। राज्य सरकार किसान हित में हर संभव कदम उठाने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।



## खबर संक्षेप

### पिपरमाटी की पार्वती बनीं पुलिस आरक्षक

**कालेगांव।** ग्राम पिपरमाटी की बेटी पार्वती यादव का पुलिस आरक्षक पद पर चयन हुआ है। रायपुर जिला से आरक्षक पद पर चयनित पार्वती यादव अपने गांव की पहली बेटी हैं, जो पुलिस सेवा में जगह बनाई है। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपने लक्ष्य से कभी समझौता नहीं किया। उन्होंने बताया कि निरंतर मेहनत करते हुए सफलता हासिल की है। पार्वती यादव के पिता शत्रुधन यादव किसान हैं। दोनों का प्रोत्साहन मुझे मिला।

### 21 हजार श्रमिकों के खाते में राशि जारी

**कवर्धा।** श्रम विभाग ने 13 श्रमिक कल्याण योजना के तहत कुल 21 हजार 209 पात्र श्रमिक हितग्राहियों को 20 करोड़ 19 लाख 98 हजार 515 रुपए उनके बैंक खातों में ट्रांसफर की है। डीबीटी के माध्यम से उक्त राशि पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को त्वरित वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने दी गई है।

### जिले में पल्स पोलियो अभियान 21 को

**कवर्धा।** जिले में 21 दिसंबर को पल्स पोलियो अभियान के तहत 5 वर्ष तक के बच्चों को खुराक पिलाई जाएगी। जिला प्रशासन ने इस कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार व मुनादी करने के निर्देश दिए हैं। 22 व 23 दिसंबर को मॉप-अप दिवस में स्वास्थ्य टीम घर-घर जाकर छूटे बच्चों को पोलियो ड्रॉप देगी। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस अभियान को जिले में सफल बनाने के लिए संबंधितों को जिम्मेदारी सौंपी जा रही है और तैयारियों को मूर्त रूप दिया जा रहा है।

# कबीरधाम में नेशनल लोक अदालत का सफल आयोजन

## 31,877 प्रकरणों का किया गया निराकरण



- 39.16 करोड़ रुपये से अधिक के वाद सुलझे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 13 दिसंबर को जिले सहित प्रदेशभर में तालुका न्यायालय से लेकर उच्च न्यायालय स्तर तक नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया।

जिला कबीरधाम में नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ माननीय श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कबीरधाम द्वारा किया गया। नेशनल लोक अदालत के सफल संचालन के लिए जिले में कुल 12 खण्डपीठों का गठन किया गया, जिनमें 11 खण्डपीठ जिला मुख्यालय कबीरधाम एवं 01 खण्डपीठ व्यवहार न्यायालय पण्डरिया में गठित की गई थी। लोक अदालत में राजीनामा योग्य दाण्डिक प्रकरण, चेक बाउंस प्रकरण, सिविल वाद, मोटर दुर्घटना दावा, वैवाहिक विवाद, प्री-लिटिगेशन प्रकरण जैसे बिजली बिल, दूरभाष, बैंक ऋण, जलकर आदि से संबंधित मामलों का निराकरण किया गया। लोक अदालत में कुल 31,877 लंबित प्रकरणों का निराकरण करते हुए 39,16,94,541 रुपये से संबंधित वादों का आपसी सहमति के आधार पर समाधान किया गया।

खण्डपीठ क्रमांक-01 में मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों में 38.50 लाख रुपये एवं सिविल वादों में 8.24 लाख रुपए की अवार्ड राशि पारित की गई। परिवार न्यायालय में 29 वैवाहिक प्रकरणों का निराकरण कर टूटते संबंधों में पुनः मधुरता स्थापित की गई। राजस्व न्यायालय द्वारा 25,187 प्रकरणों का निराकरण करते हुए 32.71 करोड़ रुपए से अधिक के मामलों का समाधान किया गया। वहीं नगर पालिका द्वारा जलकर एवं दुकान किराया से संबंधित 174 प्रकरणों में 3.74 लाख रुपये की वसूली की गई। लोक अदालत में कई मानवीय और प्रेरणादायी प्रकरण सामने आए, जहां वर्षों से चले आ रहे विवादों का शांतिपूर्ण समाधान हुआ।

तीन वर्ष पुरानी पड़ोसी दुश्मनी समझौते के आधार पर समाप्त हुई, वहीं वैवाहिक विवादों में समझौते से बिखरे परिवार पुनः एक हुए। 25 वर्षों से लंबित वृद्ध दंपत्ति के भरण-पोषण विवाद का भी सौहार्दपूर्ण समाधान किया गया। नेशनल लोक अदालत को यादगार बनाने के लिए जिला न्यायालय परिसर में सेल्फी प्वाइंट एवं स्वास्थ्य शिविर की व्यवस्था की गई, जिसका पक्षकारों ने भरपूर लाभ उठाया।

लोक अदालत के सफल आयोजन में न्यायालयीन कर्मचारियों, अधिवक्ताओं, पैरालीगल वालंटियर्स, जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, नगर पालिका, बैंकों एवं अन्य विभागों का सराहनीय सहयोग रहा।

# ठंड के मौसम में हरी, ताजा और मौसमी सब्जियों से अटा सब्जी बाजार, पर दाम है आसमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

वैसे तो हर साल की तरह इस साल भी ठंड के इस मौसम में नगर का सब्जी बाजार हरी, ताजा और मौसमी सब्जियों से गुलजार है लेकिन जहां इस बार इन हरी, ताजा और मौसमी सब्जियों के दामों की बात की जाए तो वो कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। जिसका सीधा असर लोगों के बजट पर पड़ रहा है और लोग ठंड में हरी, ताजा और मौसमी सब्जियों का जायका नहीं ले पा रहे हैं। हालांकि अगर ठंड के मौसम में मुख्य रूप से निकलने वाली भाजियों की बात की जाए तो इनमें से कुछ भाजियों की बाजार में आवक भी अच्छी और भाव भी लोगों के बजट में है जिसमें पालक, मेथी, लाल भाजी मुख्य रूप से शामिल है जो इस समय बाजार में 10 रूपए की चार जूरी अथवा 40 रूपए किलो के भाव से बिक रही है। लेकिन अगर मौसमी तिवरा भाजी और चना भाजी की बात की जाए तो ये आम लोगों की पहुंच से फिलहाल दूर है। बाजार में इन दोनो भाजी की कीमत फिलहाल 100 रूपए प्रति किलो के आसपास चल रही है। इसी प्रकार ठंड के मौसम में प्रचुर मात्रा में निकलने वाली सेमी फिलहाल बाजार में 80 रूपए किलो, फूल गोभी, 60 रूपए प्रति किलो, गांठ गोभी 80 रूपए किलो, शिमला मिर्च 80 रूपए किलो, हरा मटर 100 रूपए किलो, गाजर 80 रूपए किलो, करेला 60 रूपए किलो, भांटा 60 रूपए किलो तथा टमाटर 40 से 50 रूपए प्रति किलो के भाव से बिक रहा है। टमाटर के भाव भी ठंड में कम नहीं होने के कारण लोग चटनी का मजा नहीं ले पा रहे हैं। कुल मिलाकर इस बार ठंड के मौसम हरी, ताजा और मौसमी सब्जियों से अटा पड़ा नगर का सब्जी बाजार लोगों को मुंह चिढ़ाता नजर आ रहा है और लोगों को सस्ते दामो में मिलने वाली लौकी, पत्ता गोभी, बरबट्टी जैसे सब्जियों से ही काम चलाना पड़ रहा है।



### बीते महिनो में हुई बेमौसम बारिश ने बिगाड़ा जायका

नगर के सब्जी विक्रेताओं और किसानो की माने तो अंचल में बीते महिनो में हुई बेमौसम बारिश और इस समय पड़ रही कड़ाके की ठंड का विपरीत प्रभाव सब्जी के उत्पादन में पड़ा है यही बजह की सब्जियों के दामो में तेजी देखी जा रही है। किसानो की माने तो खेतों से कम समय में निकलने वाली लाल भाजी, पालक भाजी, मेथी भाजी तो पर्याप्त मात्रा में निकल रही है लेकिन अन्य सब्जियों की आवक कम है यही वजह है कि इनके दाम कम नहीं हो रहे हैं लेकिन उम्मीद जताई जा रही आने वाले कुछ दिनो में सब्जियों के दामो में नरमी आएगी।

## भूमिपूजन के बाद भी नहीं बन रही सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

विकासखण्ड स. लोहारा के ग्राम भाटकुंडेरा-कड़कड़ा क्षेत्र के ग्रामीणों ने खस्ताहाल सड़क निर्माण की मांग की है। बताया जाता है कि पूरी तरह से जर्जर और खस्ताहाल हो चुके इस करीब तीन किलो मीटर के सड़क निर्माण की स्वीकृति भी मिल चुकी है और भूमिपूजन का शौंक रखने वाले नेताओं ने सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी कर डाला है लेकिन जहां तक सड़क निर्माण की बात की जाए तो करीब दो ढाई महिने बीतने के बाद भी नहीं हो पाया है। ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़क इतनी जर्जर हो चुकी है लोगों का इस पर चलना मुस्किल है उन्होने शासन-प्रशासन से सड़क निर्माण कराए जाने की मांग की है।

## जिला स्तरीय बैठक आयोजित...




**कवर्धा।** नगर के राजीवगांधी पार्क में आयोजित की गई टीचर्स एसोसिएशन की जिला स्तरीय बैठक

### उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की दूरदर्शिता से युवाओं को मिला केपीएल का नया मंचः वीरेन्द्र साहू

# कवर्धा प्रीमियर लीग क्रिकेट मैच का सूरजपुरा जंगल में शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा प्रीमियर लीग क्रिकेट मैच का मंडल लोहारा का शुभारंभ रविवार को ग्राम सूरजपुरा जंगल के मिनी स्टेडियम में किया गया। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत कवर्धा के सभापति डॉ. वीरेंद्र साहू उपस्थित थे। जिन्होंने विधिवत प्रतियोगिता का उद्घाटन किया और प्रतिभागी टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री साहू ने कहा कि इस रोमांचक क्रिकेट प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर उपस्थित होकर मुझे अत्यंत हर्ष और गौरव की अनुभूति हो रही है। खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना, आत्मविश्वास और नेतृत्व का सशक्त माध्यम है। उन्होने कहा कि कवर्धा विधायक एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के मार्गदर्शन एवं प्रेरणादायी नेतृत्व में प्रदेश में खेलों को नई पहचान और नई दिशा मिल रही है। उनके निरंतर प्रयासों से युवाओं को खेल सुविधाएं, संसाधन और अवसर प्राप्त हो रहे हैं, जिससे छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। जिला पंचायत सभापति वीरेन्द्र साहू ने कहा कि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का यह विश्वास कि स्वस्थ युवा ही सशक्त प्रदेश की नींव होते हैं, आज जमीन पर साकार होता दिख रहा है। खेल अधोसंरचना का विकास, प्रतिभाओं को प्रोत्साहन और खेल भावना का प्रसार ये सभी उनकी दूरदर्शी सोच के परिणाम हैं। आज जिले में बीते दो वर्षो के भीतर बड़ी संख्या में गांव-गांव में मिनी स्टेडिय का निर्माण उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से कराया गया है और कराया जा रहा है जिसमें क्षेत्र के खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा निखार रहे हैं। श्री साहू प्रतियोगिता के सभी प्रतिभागियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर मुख्य रूप से लाला साहू मंडल अध्यक्ष भाजपा, विधायक प्रतिनिधि भुखन साहू ,परदेशी पटेल, संतोष तिवारी, दशरथ साहू, योगेश साहू, जलेश्वर वर्मा, अघन साहू, पुरुषोत्तम साहू, जनपद रामगोपाल नेताम, चैनसिंह साहू, टीकेशवर साहू, जीतू पाली सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी तथा क्षेत्रवासी उपस्थित थे।



# टीचर्स एसोसिएशन की जिला स्तरीय बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

स्थानीय राजमहल चौक स्थित राजीव गांधी पार्क में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। प्रमुख निर्णयों में सक्रिय शिक्षकों को शीघ्र ही संगठन में महत्वपूर्ण दायित्व दिया जाएगा। शिक्षकों की मांग पर संघ के सदस्यता अभियान को आगामी दस जनवरी 2026 तक बढ़ाया गया। सभी शिक्षक एलबी संवर्ग से सीजीपीएफ पासबुक अपने डीडीओ में अविलंब जमा करने का आव्हान किया गया, ताकि उसका संधारण हो सके। एसोसिएशन के प्रयास से डीईओ के निर्देशानुसार सेवा पुस्तिका व पासबुक संधारण हेतु शीघ्र ही ब्लॉक स्तर पर शिविर का आयोजन होगा, जिसमें संघ के जिला व ब्लॉक पदाधिकारी सतत सहयोग करेंगे। व्याख्याता, मिडिल प्रधान पाठक, शिक्षक एवं प्राथमिक प्रधान पाठक के पद पर पदोन्नति के लिए एसोसिएशन के पदाधिकारीगण सतत प्रयासरत हैं। प्रदेश सरकार से मोदी की गारंटी के अनुरूप केंद्र में देय तिथि से राज्य के कर्मचारियों को भी मंहगाई भत्ता एरियर्स सहित देने, पूर्व सेवा की गणना कर पुरानी पेंशन, क्रमोन्नति व अन्य लाभ देने, बीस वर्ष की अर्हकारी सेवा पर पूर्ण पेंशन देने, सेवा पुस्तिका का स्थानीय सम्परीक्षक राजनांदगांव तथा कोष एवं लेखा दुर्ग से सत्यापन कराने की मांग किया गया। शिक्षाकर्मियों के मातृसंघ टीचर्स एसोसिएशन के सत्ताईस वर्षों के सतत संघर्ष के परिणामस्वरूप एलबी संवर्ग के व्याख्याताओं को स्कूल शिक्षा विभाग के उच्च शिक्षकीय पद प्राचार्य में पदोन्नति मिलने को बड़ी उपलब्धि व शिक्षकों के संघर्ष की जीत करार दिया गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने बीएसके सीजी एप डाउनलोड कर शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति का निर्देश दिया गया है, जिसके लिए एसोसिएशन ने शिक्षकों को अपने निजी मोबाइल में ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने के लिए प्रतिमाह पांच सौ रुपये रिचार्ज भत्ता देने की मांग किया गया है। स्थानीय सांसद व विधायकों से शीघ्र ही मुलाकात कर शिक्षक एलबी संवर्ग के मुख्य मांगों पर चर्चा किया जाएगा।